दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित >>> दिल्ली >>> गाजियाबाद >>> नोएडा >>> ग्रेटर नोएडा >>> हापुड़ >>> अमरोहा >>> बागपत >>> मेरठ >>> मुजफ्फर नगर >>> बिजनौर >>> मुरादाबाद >>> बुलंदशहर >>> अलीगढ़ >>> फरीदाबाद >>> गुड़गांव >>> सोनीपत

RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 25 डिग्री
न्युनतम तापमान 21 डिग्री

एनसीआर
अधिकतम तापमान 25 डिग्री
न्युनतम तापमान 24 डिग्री

शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025
सुर्योदय प्रात: 06 :32 बजे
सूर्यास्त सांय 17 : 37 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज




पृष्ठ 4 बिहार में दावे, वादे और लोकलुभावन घोषणाएं

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 17 | अंक : 014 | गाजियाबाद, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 | CBDC | Paytm
Cred | PhonePe | Google Pay
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE

NCR MASALA
India's Premium Masala
9410855900
ncrmasala@gmail.com
get online www.ncrmasala.com
गर्म मसाला, हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा व अन्य रसोई मसाले



# जंगलराज से दूर रहेगा बिहार फिर से राजग सरकार : मोदी

✷ वेबवार्ता. छपरा ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि बिहार के लोग राष्ट्रीय जनता दल (राजद) -कांग्रेस के झूठे वादों के झांसे में नहीं आने वाले हैं और एक बार फिर राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनाकर प्रदेश को जंगलराज से दूर रखेंगे। श्री मोदी ने छपरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर राजद-कांग्रेस ने लोगों को सिर्फ धोखा दिया है।



सच्चाई यह है कि ये लोग डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का अपमान करने में गर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि लालटेन वाले, पंजे वाले या उनके इंडिया गठबंधन के साथी ये लोग कैसे बिहार और बिहारियों का अपमान करते हैं। कांग्रेस के पंजाब के एक मुख्यमंत्री थे।

उन्होंने एक रैली में खुला ऐलान किया कि बिहार के लोगों को वो अपने राज्य पंजाब में घुसने नहीं देंगे। उस समय मंच पर गांधी परिवार की एक बेटी, जो आजकल संसद में बैठती हैं, वो इस पर खुश होकर तालियां बजा रही थीं। राजद और कांग्रेस की नीयत इनके चुनाव प्रचार के गीतों से ही पता चलती है, जिनमें एक नए जंगलराज की आहट है।

प्रधाननंत्री ने कहा कि राजद कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र नहीं...अपनी रेटलिस्ट जारी की है। उन्होंने कहा कि उनकी इनकी हर घोषणा के पीछे का असली मकसद...रंगदारी, फिरौती, लूट-खसूट, भ्रष्टाचार...यही सब है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि बिहार के लोग राजद-कांग्रेस के झूठे वादों के झांसे में नहीं आने वाले हैं और एक बार फिर राज्य में राजग की सरकार बनाएंगे।

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने इस चुनाव में सारी हदें पार कर दी हैं, जिन्होंने बिहारियों का अपमान किया उन्हें प्रचार के लिए बुला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ सोची-समझी साजिश के तहत किया जा रहा है। कांग्रेस चाहती है कि राजद का चुनाव में नुकसान हो, इसलिए उन्हें प्रचार के लिए बुला रही है।

इतना सब कुछ हो रहा है और बिहार में राजद को सांप सूंघ जाता है। उन्होंने कहा कि राजद( कांग्रेस वाले जिस बेशर्मी से छठी मइया की पूजा को ड्रामा और नौटंकी बता रहे हैं, इसे बिहार के हमारे परिवारजन, विशेषकर हमारी माताएं-बहनें कभी भुला नहीं सकती हैं। इस अपमान के लिए वे उन्हें सजा देकर रहेंगी।

## भीड़ मोदी जी से कहे स्टेज पर डांस कीजिए, हम वोट देंगे, वो भरतनाट्यम शुरू कर देंगे : राहुल

✷ वेबवार्ता. पटना ✷

राहुल गांधी ने एक बार फिर से एक अजब बयान दे दिया। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने ये बयान दिया। राहुल गांधी ने कहा कि 'अगर भीड़ से 200 लोगों ने कहा कि मोदी जी स्टेज पर जरा डांस कीजिए, हम वोट देंगे। डांस शुरू हो जाएगा। वो भरतनाट्यम करना शुरू कर देंगे स्टेज पर।'

राहुल गांधी के इस बयान के बाद बीजेपी ने उन पर चौतरफा हमला बोल दिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि 'उन्होंने सनातन धर्म का अपमान किया है। छठ पर राहुल गांधी का बयान सनातन धर्म और हिंदुओं का अपमान है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को नहीं पता कि वे खुद अपने आप में क्या हैं। वे हिंदू हैं, पारसी हैं, ईसाई हैं या कुछ और...। लेकिन अगर वे छठ पर्व को अपमानित करने का काम करेंगे तो उनको ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। बिहार की जनता उनको जवाब देगी।' नीचे आप राहुल गांधी के डांस वाला वो बयान सुन सकते हैं।

## देशभर के 76 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की योजना मंजूर : रेल मंत्रालय



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 'पैसेंजर होल्डिंग एरिया' विकसित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह फैसला नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस व्यवस्था की शानदार सफलता के बाद लिया गया है।

नई दिल्ली स्टेशन पर दीपावली और छठ जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने में यह सुविधा बेहद कारगर साबित हुई थी। सिर्फ चार महीने में तैयार हुआ यह होल्डिंग एरिया यात्रियों के लिए एक बड़ा राहत केंद्र बना, जिससे प्लेटफॉर्म और ट्रेनों पर भीड़ को नियंत्रित करना आसान हो गया।

अब इसी मॉडल को देश के अन्य बड़े स्टेशनों पर लागू किया जाएगा। रेल मंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी होल्डिंग एरिया 2026 के त्योहारी सीजन से पहले तैयार हो जाने चाहिए।

रेल मंत्रालय के अनुसार, इन नए होल्डिंग एरियाज का डिजाइन मॉड्यूलर होगा, यानी इन्हें स्थानीय परिस्थितियों के हिसाब से बनाया जाएगा। इससे अलग-अलग शहरों के तापमान, भीड़भाड़ और स्पेस के अनुसार सुविधाएं तैयार की जा सकेंगी। इस योजना के तहत देश के 76 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया विकसित किए जाएंगे। इन स्टेशनों का चयन विभिन्न जोनल रेलवेज के आधार पर किया गया है।

सेंट्रल रेलवे जोन में मुंबई सीएसएमटी, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, नागपुर, नासिक रोड, पुणे और दादर, कुल 6 स्टेशन हैं। ईस्टर्न रेलवे में हावड़ा, सियालदह, आसनसोल, भागलपुर,जसीडीह जंक्शन कुल 5 स्टेशन हैं। ईस्ट सेंट्रल रेलवे में पटना, दानापुर, गया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर और पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (कुल 6 स्टेशन) शामिल हैं।

ईस्ट कोस्ट रेलवे में भुवनेश्वर, पुरी और विशाखापत्तनम के 3 स्टेशन, नॉर्दर्न रेलवे में नई दिल्ली, आनंद विहार, निजामुद्दीन, दिल्ली, गाजियाबाद, जम्मू तवी, कटरा, लुधियाना, लखनऊ (एनआर), वाराणसी, अयोध्या धाम और हरिद्वार के 12 स्टेशन और नॉर्थ सेंट्रल रेलवे में कानपुर, झांसी, मथुरा और आगरा कैंट (4 स्टेशन) शामिल हैं।

वहीं, नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे में गोरखपुर, बनारस, छपरा और लखनऊ जंक्शन (एनईआर) 4 स्टेशन, नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे में गुवाहाटी और कटिहार, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे में जयपुर, गांधी नगर जयपुर, अजमेर, जोधपुर और रिंगस के 5 स्टेशन और साउदर्न रेलवे में चेन्नई सेंट्रल, चेन्नई एग्मोर, कोयंबटूर, एर्नाकुलम जंक्शन (4 स्टेशन) शामिल हैं।साउथ सेंट्रल रेलवे में सिकंदराबाद, विजयवाड़ा, तिरुपति, गुंटूर, काचीगुड़ा और राजमुंद्री (6 स्टेशन), साउथ ईस्टर्न रेलवे में रांची, टाटा और शालीमार के 3 स्टेशन, साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे में रायपुर का 1 स्टेशन, साउथ वेस्टर्न रेलवे में बेंगलुरु, यशवंतपुर, मैसूर और कृष्णराजपुरम के 4 स्टेशन, वेस्टर्न रेलवे में मुंबई सेंट्रल, बांद्रा टर्मिनस, उधना, सूरत, अहमदाबाद, उज्जैन, वडोदरा और सीहोर के 8 स्टेशन, वेस्ट सेंट्रल रेलवे में भोपाल, जबलपुर और कोटा के 3 स्टेशन शामिल हैं।

## पीएम ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर 30 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 25 नई ई-बसों को दिखाई हरी झंडी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नर्मदा जिले के केवड़िया स्थित विश्व प्रसिद्ध स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर 30 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 25 नई ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही, अब एकता नगर में कुल 55 ई-बसें यात्रियों को मुफ्त यात्रा सेवा प्रदान करेंगी।

प्रधानमंत्री ने हरित परिवहन और सतत पर्यटन की दिशा में एकता नगर को देश के एक अनुकरणीय ई-सिटी के रूप में विकसित करने का विजन प्रस्तुत किया।

उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर नई ई-बसों को एकता नगर की सड़कों पर चलने की अनुमति दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और यात्रियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री की इस हरित पहल का स्वागत किया।

9 मीटर लंबी ये नई एसी मिनी ई-बसें एक बार चार्ज करने के बाद 180 किलोमीटर तक चल सकती हैं। दिव्यांगजनों के लिए बस में विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें एक विशेष लिफ्टिंग सिस्टम के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए सीट को नीचे करने की व्यवस्था है, ताकि वे आराम से चढ़ और उतर सकें। इसके अलावा, महिलाओं के लिए चार अलग गुलाबी सीटों की व्यवस्था की गई है, ताकि वे सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का आनंद ले सकें।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा, "एकता नगर केवल एक पर्यटन केंद्र ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का एक जीवंत उदाहरण है। ई-बसों के जुड़ने से हवा स्वच्छ रहेगी, ध्वनि प्रदूषण कम होगा और पर्यटकों को आधुनिक, आरामदायक सुविधाएं मिलेंगी।"

## विविध स्रोतों से किफायती ऊर्जा हमारी प्राथमिकता : विदेश मंत्रालय

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की जनता की जरूरतें सरकार की प्राथमिकता है। इन जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार विविध स्रोतों से किफायती तेल खरीद सुनिश्चित कर रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में रूसी तेल कंपनियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध पर कहा कि इनके प्रभावों का गहराई से अध्ययन किया जा रहा है। हमारा निर्णय वैश्विक बाज़ार की बदलती परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊर्जा स्रोतों के व्यापक प्रश्न पर भारत की स्थिति पहले से स्पष्ट है कि भारत की प्राथमिकता देश की जनता को नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सश्ती और विविध स्रोतों से ऊर्जा प्राप्त की जाए।

वहीं अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर प्रवक्ता ने कहा कि व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ बातचीत दोनों ओर से जारी है। इसके अलावा प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दी है।

वहीं निर्वासन से जुड़े प्रश्न पर प्रवक्ता ने कहा कि कल तक अमेरिका से 2790 और ब्रिटेन से लगभग 200 भारतीयों को लौटना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस साल जनवरी से अब तक लगभग 2,790 से ज्यादा भारतीय नागरिक ऐसे हैं जो इन मानदंडों पर खरे नहीं उतरे। वे वहां अवैध रूप से रह रहे थे और हमने उनकी पहचान और राष्ट्रीयता की पुष्टि की और वे वापस लौट आए।

## सीबीएसई बोर्ड ने जारी की 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं की डेट शीट

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेट शीट तैयार कर ली है।

बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि परीक्षाएँ 17 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। यह पहली बार है जब सीबीएसई ने परीक्षाओं के आरंभ होने से लगभग 110 दिन पहले डेट शीट जारी की है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के परिणाम घोषित करते समय ही बोर्ड ने यह घोषणा की थी कि 2026 में परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुरूप कक्षा 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

सीबीएसई ने बताया कि विद्यालयों द्वारा अभ्यर्थियों की सूची (एलओसी) समय पर जमा करने और विषय संयोजनों का अंतिम डेटा प्राप्त होने के बाद ही डेट शीट तैयार की गई है।

इसे विषय संयोजनों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है ताकि किसी विद्यार्थी के दो विषयों की परीक्षाएं एक ही तिथि पर न पड़ें। बोर्ड परीक्षा सुबह 10:30 बजे (भारतीय मानक समय) से आरंभ होगी। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि इस बार डेट शीट तैयार करते समय विद्यार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। कक्षा 10वीं और 12वीं के सामान्य विषयों के बीच पर्याप्त गैप रखा गया है ताकि छात्रों को तैयारी का समय मिल सके।

कक्षा 12 के विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बोर्ड परीक्षाएँ समय से पहले समाप्त की जाएंगी, जिससे छात्रों को दोनों परीक्षाओं के लिए पर्याप्त समय मिल सके। मूल्यांकन कार्य के दौरान शिक्षकों की अनुपस्थिति से विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित न हो, इसका भी ध्यान रखा गया है।

सीबीएसई ने यह भी बताया कि डेट शीट के समय से पहले जारी होने से विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालयों को कई लाभ होंगे। विद्यार्थी पहले से अपनी तैयारी की रणनीति बना सकेंगे, जिससे परीक्षा तनाव कम होगा। अभिभावक और शिक्षक परीक्षा तिथियों को ध्यान में रखकर अपनी छुट्टियों या यात्राओं की योजना बना सकेंगे।

विद्यालयों को बोर्ड और गैर-बोर्ड कक्षाओं के शिक्षण की बेहतर योजना बनाने में सुविधा होगी। परीक्षा केंद्रों को अपनी आंतरिक व्यवस्थाओं को पहले से सुव्यवस्थित करने का पर्याप्त समय मिलेगा। इसके साथ ही सीबीएसई ने स्पष्ट किया कि जेईई मेन परीक्षा की तिथियां और बोर्ड परीक्षा की तिथियाँ आपस में न टकराएं, इसके लिए एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) को यह अनिवार्य किया गया है कि जेईई मेन के आवेदन पत्र में कक्षा 12 के विद्यार्थियों की सीबीएसई पंजीकरण संख्या भरनी होगी। सीबीएसई ने सभी विद्यालयों से अनुरोध किया है कि वे अपने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनकी पंजीकरण संख्या शीघ्र उपलब्ध कराएं।

## अहमदाबाद प्लेन हादसे की रिपोर्ट में कहा-परिचालन में कुछ भी गलत नहीं था

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷



इस साल 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की थी जो उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद एक कॉलेज की इमारत से टकरा गई थी।

उसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई और केवल एक व्यक्ति बचा। अब इस हादसे की रिपोर्ट आ गई है। इसमें साफ कहा गया है कि विमान परिचालन में किसी की कोई गलती नहीं है। दुर्घटना के संबंध में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जुलाई में जारी शुरुआती जांच रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि एयर इंडिया के परिचालन में 'कुछ भी गलत नहीं था' और उसकी मौजूदा कार्यप्रणाली में किसी बदलाव की जरूरत नहीं है।

विल्सन ने कहा, 'हम जांचकर्ताओं के साथ भी काम कर रहे हैं। हम सीधे तौर पर जांच में शामिल नहीं हैं। यह सरकार की देखरेख में हो रही है। अंतरिम रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि विमान, इंजन अथवा परिचालन में कोई गड़बड़ी नहीं थी। जाहिर तौर पर दूसरों की ही तरह हम भी अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

अगर उसमें कुछ सीखने के लिए होगा तो हम निश्चित तौर पर वैसा करेंगे। मगर फिलहाल हम यह सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रहे हैं कि हम हर संभव तरीके से उनकी मदद करें। एएआईबी ने 12 जुलाई को एआई-171 दुर्घटना पर अपनी शुरुआती रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें पता चला था कि उड़ान भरने के तुरंत बाद दोनों इंजनों में फ्यूल सप्लाई बंद हो गई थी। दोनों फ्यूल कंट्रोल स्विच जल्दी-जल्दी 'कटऑफ' स्थिति में चले गए थे और हालांकि उन्हें लगभग 10 सेकंड बाद फिर से चालू कर दिया गया था। लेकिन इंजन पहले ही बंद हो चुके थे।

रिपोर्ट में कहा गया था कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने स्विच क्यों बंद किए और दूसरे पायलट ने इससे इनकार कर दिया। रिपोर्ट में यह ब्योरा नहीं दिया गया कि किस पायलट ने क्या कहा। एएआईबी ने तकनीकी खराबी से इनकार नहीं किया और कहा कि चल रही जांच में एविएशन मेडिसिन और मनोविज्ञान विशेषज्ञों को शामिल किया गया है।

विमानन कंपनी के मुख्य कार्याधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा, 'उद्योग में जो कुछ भी होता है, चाहे वह हमारे साथ हो या दूसरों के, वह आत्मनिरीक्षण का कारण होता है। यह कार्यप्रणाली की समीक्षा करने का कारण होता है। अंतरिम रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि विमान के इंजन या कार्यप्रणाली में ऐसा कुछ भी नहीं था जिसे बदलने की जरूरत हो।

बेशक हम हमेशा यह देखते हैं कि हम कैसे सुधार करते रहें, कैसे बेहतर होते रहें और कैसे सीखते रहें।

विल्सन ने यहां एविएशन इंडिया 2025 समिट में पैनल डिस्कशन के दौरान कहा, 'उस दुखद दिन के बाद यह भारत में लोगों से हमारा पहला सार्वजनिक संवाद है।

## स्कूलों में तीसरी कक्षा से आगे एआई पर पाठ्यक्रम शुरू होगा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

शिक्षा मंत्रालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि स्कूलों में कक्षा तीन से आगे एआई पर पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा।

शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने भविष्य के लिए तैयार शिक्षा के आवश्यक घटकों के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग को आगे बढ़ाने के लिए आज अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (एआई और सीटी) सीखने, सोचने और सिखाने की अवधारणा को सुदृढ़ करेगी और धीरे-धीरे "सार्वजनिक हित के लिए एआई" के विचार की ओर विश्तारित होगी। यह पहल जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए एआई के नैतिक उपयोग की दिशा में एक नया लेकिन महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह तकनीक कक्षा तीन से शुरू होगी।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा तीन के बाद से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग की शुरुआत की जायेगी।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एआई और सीटी पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर कार्तिक रमन की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने इस बात पर ज़ोर दिया कि एआई में शिक्षा को हमारे आसपास की दुनिया से जुड़े एक बुनियादी सार्वभौमिक कौशल के रूप में माना जाना चाहिए।

## जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के अगले चीफ जस्टिस पद की लेंगे शपथ

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। न्यायमूर्ति सूर्यकांत उच्चतम न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगले मुख्य न्यायाधीश के रुप में नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। इस आशय की गुरुवार को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर को उच्चतम न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। इस पद पर उनका कार्यकाल 14 महीने का होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत हरियाणा से पहले चीफ जस्टिस होंगे। मौजूदा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। न्यायमूर्ति गवई ने अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की सिफारिश की थी।

## इस वर्ष अमेरिका से 2790 और ब्रिटेन से 100 भारतीय नागरिक वापस भेजे गये : विदेश मंत्रालय

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। इस वर्ष अब तक अमेरिका से 2790 और ब्रिटेन से 100 भारतीय नागरिक वापस भेजे गए हैं। ये भारतीय नागरिक इन देशों में अवैध रूप से रह रहे थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरूवार को यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में बताया कि अमेरिका से 2790 और ब्रिटेन से 100 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा गया है। उन्होंने कहा ,' इस वर्ष जनवरी से अब तक 2790 से अधिक भारतीय नागरिक ऐसे हैं जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। वे अवैध रूप से वहां रह रहे थे और हमने उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि की और वे वापस लौट आए। यह कल तक की स्थिति है। ब्रिटेन की ओर से इस वर्ष लगभग 100 भारतीय नागरिकों को उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि के बाद वापस भेजा गया है।'उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन अवैध रूप से अमेरिका में रहने वाले नागरिकों के खिलाफ इस वर्ष के शुरू से ही कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इसी कार्रवाई के तहत बीच-बीच में भारतीय नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है।

## महिला डॉक्टर की आत्महत्या मामले में माफी मांगे फडणवीस : कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। कांग्रेस ने महाराष्ट्र में महिला डॉक्टर की आत्महत्या के मामले में राज्य सरकार पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए इसकी विशेष जांच दल-एसआईटी से जांच कराने की मांग की और कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बिना जांच के आरोपियों को क्लीन चिट दे रहे हैं इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष तथा सांसद वर्षा गायकवाड़ और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोढ़े पाटिल ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आत्महत्या करने वाली महिला डाक्टर ईमानदार थीं और राजनीतिक दबाव और तंत्र की विफलता से वह अंत समय तक जंग लड़ती रही।

## चाबाहर बंदरगाह पर अमेरिकी प्रतिबंधों मिली 6 महीने की छूट

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर चल रही कवायद के बीच चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंध के मामले में भारत को अमेरिका से बड़ी तात्कालिक राहत मिली है जिसमें अमेरिका ने बंदरगाह के संचालन पर लगाये गये प्रतिबंधों में छह महीने की छूट दे दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरूवार को यहां साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा, ''हमें बंदरगाह पर लागू अमेरिकी प्रतिबंधों से छह महीने की छूट दी गई है।'' अमेरिका ने पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र की ईरान पर परमाणु कार्यक्रम को लेकर लगायी गई पाबंदियों के मद्देनजर भारत के चाबाहार बंदरगाह के संचालन को लेकर प्रतिबंधों की घोषणा की थी।

## मोबाइल और लैपटॉप सर्विस कंपनी से 78 लाख की ठगी

**✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷।** साइबर अपराधियों ने सेक्टर-59 में मोबाइल और लैपटॉप सर्विस करने वाली कंपनी से 78 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने कारोबारी कंपनी की मिलती-जुलती ई-मेल से दूसरा बैंक खाता नंबर भेजकर रकम ट्रांसफर कराई। कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली बदरपुर निवासी धीरज जोशी ने पुलिस को बताया कि सेक्टर-59 में मोबाइल और लैपटॉप सर्विस करने वाली कंपनी है। वह उस कंपनी में वित्तीय प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी मोबाइल बनाने वाली नामी कंपनी के साथ पंजीकृत साझेदार है, जिससे मोबाइल, लैपटॉप के उपकरण खरीदती है। इसका भुगतान समय-समय पर किया जाता है। पीड़ित की कंपनी की आईडी पर 19 सितंबर को एक ई-मेल आया, जिसमें भुगतान संबंधित बैंक खाता नंबर बदलने की जानकारी दी गई थी।

## स्वास्थ्य निरीक्षकों की टीम दवाओं की जांच करेगी

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷।** औषधि विभाग नशीली व हानिकारक दवाओं की जांच के लिए जनपद में अभियान चलाकर दवाओं के नमूने ले रहा है। विभाग को शासन की तरफ से विभिन्न कंपनियों की दवाओं के सैंपल लेने के निर्देश मिले हैं। इसके लिए निरीक्षकों की टीम बनाई गई है। जनपद में हानिकारक दवाओं की जांच के लिए औषधि विभाग सख्ती बरत रहा है। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों से दवाओं के साथ विभिन्न प्रकार की सिरपों के नमूने लिए जा रहे हैं। इसके लिए गाजियाबाद के साथ बाहरी जनपदों के औषधि निरीक्षक भी जांच करेंगे। यह अभियान सोमवार से शुरू होगा। जांच टीम में जनपद के दोनों औषधि निरीक्षक के साथ बाहरी जिले जैसे हापुड़,मेरठ,बुलंदशहर आदि के औषधि निरीक्षक शामिल होंगे। जिला औषधि निरीक्षक आषुतोष मिश्रा ने बताया की विभाग ने हिमाचल प्रदेश स्थित बद्दी की तीन तीन दवा कंपनियों डीजिटल विजन,टलब्रोस और नेक्सपेयर के नमूने लेने के शासन से निर्देश मिले थे। जिनके लिए विभाग दवा की दुकानों पर जांच कर रहा है। विभाग द्वारा विभिन्न दवाओं की जांच के लिए 15 दिन तक अभियान चलाया जाएगा।

## रोजगार मेला में 674 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷।** विवेकानन्द कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी परिसर में गुरुवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह मेला क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर, राजकीय आई.टी.आई. एवं विवेकानन्द कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। मेले का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन अनिल सारस्वत द्वारा किया गया। सहायक निदेशक सेवायोजन डॉ.पी.पी.सी. शर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 28 कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिनके समक्ष कुल 861 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें से 674 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभ्यर्थियों को राजीव कुमार चौधरी, सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा कैरियर काउंसलिंग प्रदान की गई। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## एडीएम सिटी के निर्देश, नशे के कारोबारों पर लगे अंकुश

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷।** अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, एंटी नारकोटिक्स सेल, ड्रग विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार की रोकथाम हेतु विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान सभी विभागों द्वारा गत माह में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना एवं रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी (नगर) ने संबंधित विभागों को नशा उन्मूलन हेतु जन-जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में समन्वित प्रवर्तन कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए।


## कमेटी ने मांगा ठाकुरजी के चढ़ावे का ब्योरा

# रूड़की की टीम करेगी बांकेबिहारी मंदिर का सर्वे

**मथुरा/वृंदावन, एजेंसी।** आईआईटी रुड़की की टीम ठाकुर श्री बांकेबिहारी मंदिर का सर्वेक्षण करेगी। 10 दिन में अपनी रिपोर्ट दाखिल करेगी। साथ ही कमेटी द्वारा निर्धारित दर्शनों के समय पर भी सहमति बनी है। यह व्यवस्था तीन नवंबर से लागू होगी। मंदिर पर बनी हाई पावर्ड कमेटी ने बुधवार को अपनी सातवीं बैठक में मंदिर प्रबंधक से ठाकुरजी के चढ़ावे का ब्योरा मांगा है, ताकि उसे सुरक्षित किया जा सके।

वृंदावन के लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन में कमेटी अध्यक्ष एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस अशोक कुमार की अध्यक्षता में तीन घंटे चली बैठक में बांके बिहारी मन्दिर से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए।

इसमें परिसर के अन्दर रेलिंग लगाने, मन्दिर का तहखाना खुलवाने, मन्दिर की अवसंरचनात्मक दृढ़ता की प्रगति रिपोर्ट के अलावा मन्दिर प्रांगण में खाली स्थान पर अर्द्ध निर्मित स्थल (357 वर्ग गज) में अनियमितता की जांच के लिए गठित त्रिसदस्यीय समिति की प्रगति रिपोर्ट, मन्दिर में हलवाई तय करने, रोज होने वाले व्यय की भुगतान प्रक्रिया, वास्तुकार सदस्य की नियुक्ति, ठाकुर जी के सजीव दर्शन प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) के आवेदनों, मन्दिर के जमा खातों की धनराशि को एमओडी के अंतर्गत जमा करना एवं निजी बैंकों में जमा





धनराशि को सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों में जमा करने की प्रगति रिपोर्ट तथा गोलक खोलने की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा शामिल है।

**बेकार की बातें करने वालों से दूरी बनाएं:** कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ऐसे लोग हैं, जो बेकार की बातों पर ध्यान लगाते हैं। ऐसे लोगों से जरा दूरी बनाकर चलिए। ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखिए। आने वाले समय में जो बढ़िया से बढ़िया सेवा का अवसर आपको मिला है, उसका सदुपयोग करिए। कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर के सर्वेक्षण और निरीक्षण के लिए आईआईटी रुड़की का पत्र आ गया है। हमें 10 दिन में रिपोर्ट मिल जाएगी।

**दर्शनों के समय पर बनी सहमतिः** कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में गोस्वामी पक्ष से नियुक्त सदस्यों ने पुनः आश्वस्त किया है कि तीन नवंबर से कमेटी द्वारा निर्धारित समय के अनुसार दर्शन मिलेंगे। कहा कि हमारा फोकस भी दर्शनार्थियों को सुविधा देने पर है। गोस्वामी बंधु भी ये समझेंगे कि वास्तव में बिहारी जी की सेवा ही सबका उद्देश्य है। सेवा अगर समय से हो तो दर्शनार्थियों को अच्छे ढंग से दर्शन होंगे और व्यवस्थाएं सुचारू रूप से क्रियान्वित होंगी।

बैठक में कुछ एजेंसियों ने भी अपने-अपने डेमोस्ट्रेशन दिए कि मंदिर के आसपास कैसी व्यवस्थाएं की जाएंगी। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि इनमें एक एजेंसी है, जो देश के बड़े-बड़े मंदिरों और कॉरिडोर पर काम कर रही है। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में जो चढ़ावा आता है, जो कीमती सामान है वह बैंकों में सुरक्षित रखा जाता है। उन पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी बैंकों के सीनियर अफसरों के साथ गुरुवार की शाम को बैठक होगी ताकि बैंकों की कार्यप्रणाली पर चर्चा की जाए। यह भी देखा जाएगा कि बैंक से मंदिर को कितना ब्याज मिल रहा है। करोड़ों रुपये जमा करने वाले बैंकों द्वारा मंदिर में दर्शनार्थियों के लिए क्या सुविधाएं दी जा रही हैं। कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि इस पर पहले भी चर्चा हुई थी, लेकिन खेद का विषय है कि बैंकों ने दर्शनार्थियों के लिए सुविधाएं नहीं दीं। बैठक में बैंकों से पूछा जाएगा कि उन्होंने बांके बिहारी की सेवा में जो योगदान देना था, वह क्यों नहीं दिया। बैठक में कमेटी सदस्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) मुकेश मिश्रा, सदस्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश मथुरा विकास कुमार, सदस्य मुंसिफ/सिविल जज मथुरा शिप्रा दुबे, सदस्य सचिव/जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर चन्द्र प्रकाश सिंह, सदस्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, सदस्य नगर आयुक्त मथुरा-वृन्दावन नगर निगम जग प्रवेश, सदस्य उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण श्याम बहादुर सिंह, सदस्य गोस्वामी राजभोग समूह से शैलेन्द्र गोस्वामी, श्रीवर्धन गोस्वामी, सदस्य/गोस्वामी शयनभोग समूह से दिनेश कुमार गोस्वामी तथा विजय कृष्ण गोस्वामी (बब्बू) मौजूद रहे। कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि दर्शन करना तो अपनी श्रद्धा की बात है। मंदिर के प्रांगण और मंदिर के आसपास बढ़िया से बढ़िया स्वास्थ्य सुविधा होगी। सीएमओ को भी गुरुवार को बैठक में बुलाया गया है, जिस पर चर्चा होगी। वीआईपी दर्शनों के नाम पर पर्चियों के दुरुपयोग पर डेढ़ माह पूर्व कमेटी ने निर्णय लिया था। गोस्वामी सदस्यों ने कहा कि विशेष लोग उनसे संपर्क करते हैं, जिनके दर्शन की व्यवस्था हो। इस पर आश्वासन दिया, विचार किया। तोशाखाने को लेकर विवाद पर कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि विवाद घर में भी होता है और जब तक उस पर कोई निराकरण नहीं आता है, तब तक अंत नहीं होता है। निराकरण का प्रयास करेंगे। कमेटी अपने क्षेत्राधिकार में रहते हुए विचार करेगी। कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ऐसे स्थल हैं, जहां विगत कुछ वर्षों में मंदिर का चढ़ावा आया है।

## बलिया एएसपी से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**बलिया (कालभैरव)।** बलिया में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अभिजीत तिवारी सत्यम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बांसडीह क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपते हुए अभिजीत तिवारी सत्यम ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। लोग अपने घरों को छोड़कर जाने से भी डर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की, तो युवा कांग्रेस बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार शुक्ला ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि बांसडीह क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते



हुए जल्द ही चोरों के गिरोह को गिरफ्तार कर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल की जाएगी।

अभिजीत तिवारी सत्यम ने दोहराया कि बांसडीह क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा और न्याय के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव विजेंदर पाण्डेय मुखिया, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी, सोनू सिंह, राघव सिंह और मोनू गुप्ता सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भाग्य में होगा तो डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे, वरना क्या कर लेंगे; भाई दिखे हताश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व सांसद डीके सुरेश का कहना है कि यदि उनके बड़े भाई डीके शिवकुमार के भाग्य में होगा, तभी वह मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम शिवकुमार की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर डीके शिवकुमार ने यह बात कही। कर्नाटक की राजनीति में फिलहाल नवंबर क्रांति की चर्चाएं जोरों पर हैं और कहा जा रहा है कि इस महीने मुख्यमंत्री बदल सकता है। सिद्धारमैया के बेटे ने भी पिछले दिनों कहा था कि उनके पिता का राजनीतिक करियर अब आखिरी पड़ाव है। उन्होंने इसके साथ ही सतीश जरकिहोली को सीएम बनाए जाने की सिफारिश भी कर दी थी। इससे कयास और तेज हैं कि नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है।

वहीं इस बारे में जब डीके



सुरेश से पूछा गया तो वह भाग्यवादी हो गए। उन्होंने कहा कि यदि शिवकुमार के भाग्य में होगा तो वह मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि हाईकमान का जो फैसला होगा, वही स्वीकार होगा। नवंबर में लीडरशिप चेंज होने के सवाल पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। हमारे लिए तो नवंबर का महीना कन्नड़ राज्योत्सव का है। इस महीने सभी कन्नाडिगा राज्य उत्सव मनाते हैं। मुझे इसके अलावा दूसरी किसी चीज की जानकारी नहीं है। आपको ऐसा कुछ जानना है तो फिर सीएम, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय नेताओं से पूछना चाहिए।

चर्चा है बिहार इलेक्शन के बाद कर्नाटक में बदलाव पर विचार हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि भाग्य होगा तो बदलाव होगा। यदि भाग्य में उपलब्धि नहीं होगी तो पद नहीं मिलेगा। इसके बारे में चिंता करने की जरूरत ही क्या है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं अपने भाई को सीएम के तौर पर देखना चाहता हूं। लेकिन भाग्य पर ही छोड़ना होगा और देखते हैं कि भविष्य में क्या होगा। उन्होंने कहा कि शिवकुमार फिलहाल डिप्टी सीएम हैं और प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उनका यह काम है कि पार्टी को कोई नुकसान ना हो। इसलिए मैं समझता हूं कि वह ऐसा कुछ भी नहीं करेंगे, जिससे कांग्रेस को नुकसान हो।

कर्नाटक के राजनीतिक हलकों में इस साल के अंत में संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कथित सत्ता हस्तांतरण के समझौते का हवाला दिया जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या शिवकुमार तथाकथित नवंबर क्रांति से बेपरवाह हैं। सुरेश ने कहा, 'वह पार्टी अध्यक्ष हैं।

## एसडीएम की गाड़ी पर पथराव, अफसर ने भागकर बचाई जान, ड्राइवर और गनर घायल

**अलीगढ, एजेंसी।** यूपी के अलीगढ़ में महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव असदपुर कयाम में अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची नगर निगम की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने टीम के सामने जमकर हंगामा काटा, जिसके चलते टीम को बीच में ही कार्रवाई बंद करके लौटना पड़ा। लेकिन, उसी दौरान वहां से गुजर रही अतरौली एसडीएम की गाड़ी को लोगों ने घेर लिया और पथराव करके उसका शीशा तोड़ दिया। एसडीएम ने भागकर अपनी जान बचाई। पत्थर लगने से उनका चालक व गनर घायल हो गए। बाद में पुलिस बल ने हालात संभाले। मामले में आठ नामजद व 25-30 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। देररात एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने घटनास्थल का जायजा लिया।

एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। इसका लोगों ने विरोध किया। टीम लौट गई थी, तभी वहां से एसडीएम अतरौली की गाड़ी गुजर रही थी, जिस पर लोगों ने पत्थर फेंके। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**बाउंड्रीवॉल टूटते ही उग्र हो गई थी भीड़, मची अफरा-तफरी** गांव असदपुर कयाम में जैसे ही निगम की टीम ने बाउंड्रीवॉल तोड़ी, तभी भीड़ उग्र हो गई। इसके चलते अफरा-तफरी मच गई। मुकदमे में टीम पर भी हमला व पथराव करने के अलावा नगर निगम के लोडर ट्रक के भी शीशे टूटने का जिक्र है। घटना के बाद गांव में पुलिस तैनात है। वीडियो के आधार पर आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। एसएसपी के



अलावा पुलिस प्रशासन के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। रात में ही पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ लिया। अन्य की तलाश में टीमें लगी हुई थीं। मामले में नगर निगम के संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसमें कहा है कि गांव असदपुर कयाम में गाटा संख्या 328 राजस्व अभिलेखों में ऊसर अंकित होने के कारण सरकारी भूमि है। इस भूमि सहित अन्य गाटा भूमियों पर पूर्व से अतिक्रमण था।

## सोहना में 2 अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर ऐक्शन, कई निर्माणाधीन मकान ध्वस्त

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के सोहना ब्लॉक के गांव बालूदा में अवैध रूप से पनप रही दो कॉलोनियों को नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने बुधवार को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा, जिसके चलते किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग का तोड़फोड़ दस्ता गांव बालूदा में पहुंच गया। एक कॉलोनी को करीब पौने तीन एकड़ में विकसित किया जा रहा था। इस कॉलोनी में एक मकान का निर्माण किया जा रहा था। डीटीपीई अमित मधोलिया का आदेश मिलने के बाद बुलडोजर ने इस मकान को मलबे में तब्दील करने की कार्रवाई शुरू कर दी। लोगों को फंसाने के लिए प्रॉपर्टी माफियाओं ने सड़कों का निर्माण कर दिया था, जिसे उखाड़ा गया। इसके अलावा 30 मकानों को तैयार करने के लिए डाली गई डीपीसी को तोड़ा गया।

इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता इस गांव में ही करीब डेढ़ एकड़ में पनप रही दूसरी कॉलोनी में पहुंच गया। इस गांव में 30 मकानों को बनाने के लिए अभी डीपीसी डाली गई थी। बुलडोजर ने इस डीपीसी को मलबे में मिला दिया। सड़क को



जमींदोज कर दिया।

**हरित क्षेत्र में अवैध झुग्गियों को गिरायाः** वहीं, गुरुग्राम में राजीव चौक फ्लाईओवर के आसपास लगते हरित क्षेत्र से करीब 100 झुग्गियों को नोडल अधिकारी, तोड़फोड़ आरएस बाठ ने हटाया। बुधवार सुबह नोडल अधिकारी, तोड़फोड़ आरएस बाठ के नेतृत्व में चलाए अभियान में नगर निगम, एनएचएआई, जीएमडीए, पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 3.5 करोड़ की साइबर ठगी, महिला समेत तीन लोग बने शिकार

**✷एनसीआर टुडे. नोएडा ✷**

नोएडा के सेक्टर-50 में रहने वाली एक महिला से शेयर ट्रेडिंग में इनवेस्ट कराकर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर अज्ञात साइबर अपराधियों ने 3.5 करोड रुपए की ठगी कर ली। पीड़िता ने आज पुलिस से इस मामले में शिकायत की है।

पीड़ता इतनी डरी हुई है कि वह पुलिस अधिकारियों के सामने भी जाने से घबरा रही है। इसके अलावा दो अन्य लोगों से भी साइबर अपराधियों ने एक करोड़ 12 लाख रुपए की ठगी हुई है। अपर पुलिस उपायुक्त शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-50 में रहने वाली अर्पिता तिवारी ने आज पुलिस को फोन के द्वारा सूचना दी है कि साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर उन्हें अपने जाल में फंसाया तथा उनसे विभिन्न बैंक खातों में 3.5 करोड रुपए डलवा लिया। उन्होंने बताया कि महिला सोशल मीडिया पर इन्वेस्टमेंट की लिए सर्च कर रही थी, तभी उन्हें इंस्टाग्राम पर एक लिंक मिला।

उस लिंक पर टच करने पर कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया तथा उन्हें व्हाट्सएप के दो ग्रुप से जोड़ा गया। उस ग्रुप में काफी लोग और जुड़े थे। वे लोग इन्वेस्टमेंट और फायदे के बारे में जानकारी दे रहे थे। पीड़िता के अनुसार वह उनके झांसे में आ गई।

अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पीड़िता से दूरभाष पर बात हुई है। वह काफी घबराई हुई है। उन्होंने पुलिस से कहा है कि वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोएडा के सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम




थाने में पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि उनकी शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी।

अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि एक अन्य मामले में धीरज जोशी पुत्र पुरनचंद जोशी ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर-59 स्थित एक कंपनी में फाइनेंस मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पीड़ति के अनुसार उनकी कंपनी रियलमी इंडिया की अधिकृत सर्विस पार्टनर है। कंपनी द्वारा रियलमी इंडिया से पार्ट्स खरीदे जाते हैं।

पीड़ति के अनुसार उन्हें एक मेल प्राप्त हुआ। इसमें कहा गया कि रियलमी कंपनी को मेल मे दिए गए बैंक खाते में पेमेंट की जाए। पीड़ित के अनुसार वह झांसे में आ गए तथा ई-मेल से प्राप्त हुए बैंक अकाउंट में उन्होंने 78 लाख 9 हजार 103 रुपया ट्रांसफर कर दिया।

उन्होंने बताया कि जब पीड़त ने कंपनी के अधिकारियों से पेमेंट दिए जाने की बात की तो उन्हें बताया गया कि उन्हें पेमेंट प्राप्त नहीं हुई है। बाद में पीड़ित को पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़ति की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में रईस अहमद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 अगशत को उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उसने शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने का झांसा दिया। पीड़ति के अनुसार उन्होंने उसकी बात पर विश्वास कर उसके बताए गए खाते में 42 लाख 78 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया।

पीड़त को ऐप पर अपनी रकम बढ़ी हुई दिखाई दे रही थी। जब उसने रकम निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे अनुमति नहीं दी। बाद में आरोपियों ने उसे ग्रुप से निकाल दिया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खराब मौसम की वजह से नोएडा एयरपोर्ट पर कैलिब्रेशन फ्लाइट ट्रायल टला

**✷एनसीआर टुडे. नोएडा ✷**

बहुप्रतीक्षित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) पर होने वाला कैलीब्रेशन फ्लाइट ट्रायल खराब मौसम के चलते रद्द कर दिया गया है। यह ट्रायल 30 और 31 अक्टूबर को प्रशतावित था, लेकिन अनुकूल मौसम न होने के कारण इसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की निगरानी में यह दो दिवसीय प्रक्रिया पूरी की जानी थी।

अधिकारियों के अनुसार, इस ट्रायल का उद्देश्य एयरपोर्ट के रनवे, नेविगेशन सिस्टम, कम्युनिकेशन सिस्टम और इंटीग्रेटेड लैंडिंग सिस्टम की सटीकता और कार्यक्षमता की जांच करना था। डीजीसीए की विशेषज्ञ टीम की देखरेख में रोजाना 2-2 घंटे का ट्रायल किया जाना था। यह प्रक्रिया एयरपोर्ट संचालन से पहले की एक अहम तकनीकी आवश्यकता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि विमान सुरक्षित रूप से लैंडिंग और टेकऑफ कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि कैलिब्रेशन ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ही एयरपोर्ट को एरोड्रम लाइसेंस जारी किया जा सकता है। यह लाइसेंस डीजीसीए की मंजूरी से जारी होता है और इसे मिलने के बाद ही एयरपोर्ट पर कमर्शियल फ्लाइट ऑपरेशन शुरू करने की अनुमति मिलती है।

सूत्रों के मुताबिक, हाल के दिनों में क्षेत्र में तेज हवाओं और कम दृश्यता के कारण डीजीसीए ने सुरक्षा दृष्टि से ट्रायल को टालने का निर्णय लिया।

## संपादकीय

# स्वच्छता की राह पर कैसे आये गांव?

भारत में जब भी स्वच्छता की बात होती है, तो इंदौर का नाम सबसे पहले आता है। वर्ष 2024-25 में भी यह शहर लगातार आठवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बना। यह उपलब्धियां केवल एक शहर की नहीं है, बल्कि एक सोच की जीत हैं। एक ऐसी सोच जो देशभर में लोगों के व्यवहार, आदतों और जीवनशैली को बदल रही है।

स्वच्छ भारत अभियान को आज एक क्रांतिकारी पहल कहना बिल्कुल सही होगा। इस अभियान ने शहरों से लेकर गांवों तक सफाई के महत्व को समझाने में अहम भूमिका निभाई है। लेकिन हर कहानी के दो पहलू होते हैं। जहां एक ओर कुछ शहर चमक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई ग्रामीण इलाके अभी भी गंदगी और कूड़ा-करकट की समस्या से जूझ रहे हैं।

राजस्थान के बीकानेर जिले के लूणकरणसर ब्लॉक का नाथवाना गांव भी इस संघर्ष की एक झलक दिखाता है। यह गांव भी बाकी गांवों की तरह स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा है, लेकिन यहां सफाई की जंग अभी जारी है। गांव में शौचालय तो लगभग हर घर में बन चुके हैं, पर कूड़े के निपटान की समस्या अभी भी गंभीर बनी हुई है।

नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है, जिससे मच्छर और बीमारियां फैलती हैं। साफ-सफाई की कमी का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। गांव की 17 वर्षीय किशोरी ममता बताती है, "हमारे यहां घर का कूड़ा कोई तय जगह पर नहीं फेंका जाता। लोग अक्सर अपने घरों के पास ही कचरा डाल देते हैं। गंदगी से बदबू आती है, मच्छर पनपते हैं और हर साल डेंगू या मलेरिया फैलता है। "

ममता की बातों में बेबसी के साथ-साथ एक उम्मीद भी झलकती है। वह चाहती है कि उसके गांव में सफाई की गाड़ी नियमित रूप से आए, लोग कूड़ा खुले में न फेंकें और गांव का माहौल फिर से ताज़गी भरा बने। उसकी दोस्त निधि कहती है कि 'सफाई की गाड़ी आने के बावजूद कई लोग घर का कचरा खुले में फेंक देते हैं। कुछ लोग तो गाड़ी आने का इंतज़ार करते हैं, लेकिन बहुतों को लगता है कि सफाई सिर्फ सरकार का काम है। वे खुद इसकी जिम्मेदारी नहीं लेते। ' निधि के शब्द एक गहरी सच्चाई बताते हैं कि सफाई सिर्फ व्यवस्था का नहीं, बल्कि व्यवहार का भी सवाल है। जब तक लोगों के मन में यह भावना नहीं आएगी कि सफाई उनकी खुद की जिम्मेदारी है, तब तक कोई भी अभियान अधूरा रहेगा।

दूसरी ओर, कालू गांव की सरिता एक अलग पहल की बात करती है। वह बताती है, "हमारे यहां कुछ लोग अपने घरों का जैविक कचरा खेतों में दबा देते हैं, जिससे वह खाद बन जाता है। " यह तरीका पर्यावरण के अनुकूल है, लेकिन प्लास्टिक जैसी चीजें इस प्रक्रिया में बाधा बनती हैं। "लोग प्लास्टिक को खेतों में फेंक देते हैं, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम कर देता है, " सरिता समझाती है।

उसकी बात से साफ है कि सफाई के लिए सिर्फ मेहनत नहीं, बल्कि समझदारी की भी ज़रूरत है। वहीं, दुलमेरा गांव की सामाजिक कार्यकर्ता हीरा शर्मा बताती हैं कि गांव के युवाओं ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए एक शानदार पहल की है। उन्होंने एक टोली बनाई है जो हर सप्ताह गांव में स्वच्छता अभियान चलाती है। वह गांव में जाकर लोगों को बताते हैं कि सफाई सिर्फ एक दिन की चीज नहीं है। यह तो हमारी आदत का हिस्सा बननी चाहिए, " टोली यह सुनिश्चित करती है कि गांव में कूड़ा उठाने की गाड़ी समय पर घूमे और लोग खुले में कचरा न फेंकें। वह कहती हैं कि जब तक गांव का हर व्यक्ति खुद को जिम्मेदार नहीं समझेगा, तब तक सफाई का सपना अधूरा रहेगा।

नाथवाना की यह कहानी एक सच्चाई उजागर करती है कि स्वच्छ भारत अभियान की असली सफलता गांवों की गलियों में छिपी है। जरूरत है उसे उभारने की। लेकिन इस बदलाव के लिए सिर्फ योजनाएं काफी नहीं होती है, बल्कि इसके लिए लोगों की जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। ममता, निधि और सरिता जैसी युवा किशोरियों की सोच बताती है कि नई पीढ़ी इस बदलाव की अगुवाई करने के लिए तैयार है। उन्हें बस सही दिशा और समर्थन की जरूरत है।

यह सच है कि स्वच्छ भारत अभियान ने लाखों लोगों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई है, लेकिन सफाई का असली अर्थ सिर्फ शौचालय बनाना भर नहीं होता है। यह तो जीवनशैली में स्वच्छता को अपनाने का नाम है। जैसे हर घर में कूड़े को अलग-अलग डिब्बों में रखना, प्लास्टिक का कम इस्तेमाल करना, पानी को बर्बाद न करना और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखना। आज नाथवाना जैसे गांव एक नए मोड़ पर खड़े हैं जहां उन्हें चुनना है कि वे सफाई को एक सरकारी योजना समझकर छोड़ दें या इसे अपनी जिम्मेदारी बनाकर अपनाएँ। एक तरफ पुरानी आदतें हैं, जो बदलाव से डरती हैं। दूसरी ओर नई सोच है, जो कहती है कि अगर हर व्यक्ति अपने आस-पास सफाई रखे तो पूरा देश चमक सकता है।

भारत की पहचान सिर्फ इंदौर जैसे साफ शहरों से नहीं बनेगी, बल्कि नाथवाना जैसे गांवों की सफाई से भी बनेगी। क्योंकि गांव ही भारत की आत्मा हैं। जब ये गांव चमकेंगे, तभी सच्चे अर्थों में स्वच्छ भारत का सपना पूरा होगा। अंत में सवाल यह नहीं कि सरकार क्या कर रही है?, बल्कि यह कि हम क्या कर रहे हैं? क्या हम अपने घर के बाहर पड़े कचरे को देखकर भी अनदेखा कर देते हैं? क्या हम अपने बच्चों को सिखा रहे हैं कि सफाई सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कार है?

अगर हर व्यक्ति यह सोच ले कि "मेरे गांव की सफाई मेरी जिम्मेदारी है, " तो नाथवाना जैसे गांव न सिर्फ बीमारियों से मुक्त होंगे, बल्कि आत्मनिर्भर भी बनेंगे। मिट्टी, पानी और हवा की शुद्धता सिर्फ प्रकृति की नहीं, बल्कि हमारी ज़िम्मेदारी है। यही वह कड़ी है जो हमें स्वस्थ, सुंदर और सशक्त जीवन की ओर ले जाती है। स्वच्छ भारत का असली जश्न तब होगा, जब देश का हर गांव शुद्ध वातावरण से महक उठेगा।

# बिहार में दावे, वादे और लोकलुभावन घोषणाएं

**कांतिलाल मांडोत**

बिहार विधानसभा चुनाव में पहले टर्म के चुनाव के बीच गिनती के दिन शेष रह गए है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने घोषणा की है कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो राज्य के पंचायती राज प्रणाली के भत्ते दुगुने किये जायेंगे। तेजस्वी ने पंचायत प्रतिनिधियों के लिये 50 लाख रु.का बीमा कवर और पेंशन देने की घोषणा की गई है। नाई, कुमार और लोहार को पांच लाख की सहायता मिलेगी।

इतना ही नही, वक्फ संशोधन बिल कूड़ेदान में फेंक दिया जायगा। बिहार में लालू और तेजस्वी की राजनीति समझ मे नही आए, यह तो सम्भव ही नही है। जनता लालू और तेजस्वी के रग -रग से वाफिक है। भ्रष्टाचार की राजनीति करने वाली राजद मतदाताओ को जूठे सपने दिखा कर वोट प्राप्त करने का सियासी खेल में वोटर फंसने वाले नही है। बिहार के मुख्यमंत्री एक निःस्वार्थ सत्याग्रही है।

लालु की राजनौतिक महत्वकांशा बिहार को समझ मे आ गई है। बिहार में जंगलराज और भ्रष्ट राजनीति के लिए राजद सुप्रीमो लालू की सत्ता से लोगो की पीड़ा पहुँची है। तेजस्वी की घोषणाएं कागज का पुलिंदा है। सता हथियाने के बाद बिहार की राजनीति पूर्ववर्ती अपने पिता की सरकार जैसी बन जाएगी। न्याय के लिए दर - दर भटकते लोगो की जिंदगियां दुश्वार हो गई थी। लालू और तेजस्वी के उपर 27 मामले दर्ज है। उनकी खोखली राजनीति से कोई अनभिज्ञ नही है। लालच और लुभावने वादों से अब लोग भ्रमित होने वाले नही है।

अब मतदाताओ को समझ मे आ गया है कि लुभावने वादे और कुछ स्वार्थ के लिए देश के साथ समझौता नही किया जा सकता है। क्योकि देश सर्वोपरि है। कांग्रेस और राजद का गठबंधन बना और उसके बाद सीटो का पेच इस तरह फंसा की, आज दिन तक गीले शिकवे मौजूद है। जनता इनसे उम्मीद लगा ही नही सकती है।

चुनाव का बिगुल बजते ही इनकी हशरत जमीदोंज हो गई। सता की राजनीति में आकंठ डूबे राजनेताओ से ज्यादा उम्मीद नही की जा सकती है। राजनीति में साफ सुथरी छवि वाले युवाओ को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। विधानसभा चुनाव में रहकर सक्रिय राजनीति में लोक जागरण का काम कर सकते है।

अब राजनीति अंधेरे में तीर चलाने वाली नही चाहिए। बदलते चलन में राजनीति में भी सुधार की अपेक्षा है। देश मे व्याप्त भ्रष्टाचार के लिए आवाज उठाने वाले और बिहार की राजनीति में साफ छवि वाले नेताओं को अहमियत देने के लिए वर्तमान में नीतिश कुमार की सत्ता में शुद्ध राजनीति की बोलबाला है, इसी तरह लोगो के जीवन मे अमूलचूल परिवर्तन को साधा जा सकता है।

बिहार में सिर्फ जाति, धर्म, लुभावने वादे और बाहुबल के आधार पर चुनाव लड़ने की जुगत में है। इसलिए स्वच्छ राजनीति के विकल्प के रूप में वोट करने की ठानी है। जो वर्तमान में नीतीश और मोदी की साफ सुथरी छवि के लोग कायल है। बिहार में महिलाओ, युवाओ के लिए रोजगारपरक दृष्टिकोण से बिहार में उत्साह सातवे आसमान पर है। जो लोग लेने की अवस्था मे होते है, वे क्या किसी को कुछ दे सकते है। दावे, वादे और लोक लोभावन घोषणाओं को दूसरे विकल्प की तरह जनता जनार्धन जी रही है।

क्योकि जिन दलों पर भ्रष्टाचार के आरोप है वे दल गठबंधन से चुनाव लड़ रहे है। यह वाशतविकता है कि लम्बे समय तक किसी को बेवकूफ नही बनाया जा सकता है। बिहार में राजद की ऐन चुनाव में इतनी बड़ी घोषणा और वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में फेंकने की घोषणा मात्र तुष्टिकरण की राजनीति ही है। दोनो हाथों में लड्डू रखने वाली कांग्रेस और राजद की नीतिया मतदाताओ के लिए चुनौती है।

भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करने वाली राजनौतिक पार्टियां ही देशहित मे कार्य कर सकती है। ये दल ही टिकाऊ होते है। राजद इस




राज्य में इस कदर बैचेन है कि उसने घोषणाओं की फहरिश्त लगा दी है। गृहमंत्री मंत्री अमित शाह और बिहार के दिग्गज नेताओं ने एनडीए की सरकार फिर से बनने की हुंकार भरी है। अभी केंद्रीय मंत्री राज्य का दौरा करने के लिए आमंत्रित है।

राजद और कांग्रेस दोनो दल बेमेल गठजोड़ है। क्योंकि राजद भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी है और कांग्रेस भी आजादी के बाद भ्रष्टाचार की वैतरणी पार करती आ रही है। कांग्रेस हिन्दू और हिंदुत्ववादी की बात कर मुस्लिम वोटो की लालच में हिन्दुओ पर निशाना साधती नजर आती है, वही दलित, पिछड़े और मुस्लिम वोटों की सेंघमारी में राज्य के मुद्दे हवा में झूलते हुए नजर आ रहे है। राज्य के विकास की बात राजद और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के मुह से सुनाई नही देती है।

दोनो दलों के भीतर से जो जनता तक जो सन्देश जा रहा है, वह अपसीं कलह का है। एनडीए ने बेहतर माहौल दिया है। लालू के शासनकाल मे बिहार में सांप्रदायिक दंगे व अशांति का आलम था। लेकिन बीस वर्ष के शासनकाल मे साम्प्रदायिक सौहार्द का बेहतर माहौल है।

बिहार में संवेदनहीनता की हदे उस समय सुनी जाती थी, तब जंगलराज का तमगा लालू के कार्यकाल में मिला था। आज वर्तमान में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव किस मुह से वोटरों के बीच वोट की मांग कर रहे है?ऐसे नफ्फ्ट लोगो के चेहरे पर कोई गम नही है। महिलाओ के साथ बर्बरतापूर्ण कार्यवाई को बिहार भूल पाया है?बिहार में एनडीए गठबंधन को नुकसान नही होगा क्योंकि बिहार में महागठबंधन भले ही सफलता को छू रहा है लेकिन यहां विरोधी ताकते बिखरी हुई है।

ओवैसी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए है। ये वो दल है जिसके लिए कांग्रेस और राजद के झोली में जाने वाले वोटो का हिस्सा ओवैसी को जरूर मिलेगा। क्योकि ओवैसी की मंशा है कि हिंदुश्तान के मुसलमानों का नेता बनना है तो हिंदी भाषी राज्य में अपना परचम अवश्य लहरा कर राजनीति के गलियारों तक पहुँचा जाए। दूसरे दल वोट काटने के लिए निर्णयक भूमिका निभाएंगे।

बिहार में इस बार टक्कर के बीच अंतिम विकल्प के तौर पर यही सब कुछ प्राप्त होना है कि बिहार विधानसभा चुनाव ने किसने क्या खोया और किसने क्या पाया है?क्योंकि जो पहली बार अपनी पार्टी के लिये उम्मीदवार उतार रहा है, उसके लिए तो जो मिला वो ही मुनाफा ही है। फायदेमंद ही है।

लालू के कार्यकाल की कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति बिहार में राजद को पिछहट करने के लिए मजबूर जरूर करेगी। सियासी रूप से सबसे ज्यादा संदेश तेजस्वी की ओर से रहा है कि जिस दल की सिर्फ परछाई माना जाता रहा है, कांग्रेस ने यह संकेत दे दिया है कि हम भी कुछ कम नही है बिहार की राजनीति भले ही बदलती नजर आ रही है। वोटो की हिस्सेदारी बढ़ रही है लेकिन फिर भी एनडीए आशावादी है। और सरकार बनाने का अभी भी दम भर रही है।

वो भी स्पष्ट बहुमत से। लालू प्रशासन दमनकारी रहा था। ऐसे में जनता अब कमजोर शासन को वापस मौका नही देना चाहती है। मनोज दुबे ने कहा कि कमजोर सरकार लाने का क्या औचित्य है?क्योंकि लोक लुभावन वादे अक्सर सरकार बनने के बाद विफल होते है। इसलिए देशहित और विकास की बात करने वाले नेता और पार्टी का चयन आज की सबसे बडी ताकत है।

भैया के आवे दे सत्ता में, उठा लेब घर से। मोदी ने समस्तीपुर की सभा में कहा था कि ये लठबंधन वाले चुनाव लड़वा रहे है उनके प्रचार में जंगलराज की याद ताजा हो रही है। आरजेडी -कांग्रेस के लोग छर्रा, कट्टा, दुनाली और घर से उठाने की धमकी देने लग गए है।

उसी परिपेक्ष्य में भाजपा का गाना भी वायरल हुआ है। जिसने निरहुआ गाने के बोल- आया है उत्थान का जनजन के कल्याक का, बरसो पहले एक भरी थी हुंकार, रफ्तार पकड़ लिहले बार बिहार जैसे विकास के गाने इनके जेहन में नही है।

**(वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार-स्तम्भकार है)**

# बिहार में वादों की विश्वसनीयता पर वोट

**शकील अख्तर**

बिहार में नीतीश कुमार ने वंदोपाघ्याय आयोग बनाया था। मगर अब उसे लागू करने की घोषणा महागठबंधन का प्रमुख घटक दल सीपीआई (माले) कर रहा है। मंगलवार को महागठबंधन का घोषणा पत्र तेजस्वी प्रण के नाम से जारी हुआ।

मगर उससे पहले माले अपना अलग घोषणा पत्र जारी कर चुका है। माले के प्रमुख वादे भूमिहीनों का भूमि आवंटन का उसमें जिक्र नहीं है। माले ने कांग्रेस और आरजेडी से इस मुद्दे को शामिल करने की मांग की थी। मगर एकदम से भूमिहीनों के साथ पूरी तरह खड़े होने को आरजेडी और कांग्रेस इस समय तैयार नहीं हो पाए। बिहार में भूमि ही सबसे बड़ी समस्या है। देश का सबसे ज्यादा भूमिहीन बिहार में ही है। यहां जो जातीय युद्ध हुए। रणवीर सेना बनी उन सबके पीछे भूमि समस्या ही रही है।

बिहार में लगभग 60 प्रतिशत लोग भूमिहीन हैं। और दलितों में तो लगभग 86 प्रतिशत के पास कोई जमीन नहीं है। दूसरी तरफ दस प्रतिशत ताकतवर लोगों के पास पचास प्रतिशत से ज्यादा जमीन है। जो एक एक के पास हजारों एकड़ में है। बाकी करीब 30 प्रतिशत के पास जमीन तो है मगर दो बीघे से कम।

इसी असमान भूमि वितरण को देखते हुए नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री बनते ही 2006 में वंदोपाध्याय आयोग का गठन किया था। 2008 में इसकी रिपोर्ट आ गई। मगर नीतीश ने इसे लागू करने में कभी दिलचस्पी नहीं दिखाई। हां, भाजपा को बीच बीच में डराने के लिए वे इसका जिक्र जरूर कर देते थे।

भाजपा के लिए भूमि सुधार (लेंड रिफार्म) एक ऐसा अवरोधक है कि जहां भी यह हुआ वह कभी सरकार नहीं बना पाई। पूरी तरह देश में यह अभी तक तीन राज्यों में लागू हुआ है। जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल और केरल। और तीनों ही जगह भाजपा सफल नहीं हो पा रही। माले ने भी अपने घोषणापत्र में उसे उस तरह लागू करने की बात नहीं कही है जिससे तनाव बढ़े। वह महागठबंधन में है जिसमें आरजेडी और कांग्रेस ने बड़े भूपतियों को भी टिकट दिए है। मगर बिहार की मूल समस्या को लाइम लाइट में रखने के लिए उसने ग्रामीण क्षेत्र के भूमिहीनों को 5 डिसिमल और शहरी क्षेत्र के भूमिहीन को 3 डिसिमल जमीन देने का वादा किया है। इसके अलावा उसका जो दूसरा बड़ा वादा है वह है शिक्षा पर बजट का दस प्रतिशत खर्च करना। अगर यह हो गया तो बिहार में निरक्षरता पूरी तरह खत्म हो जाएगी।



अभी बिहार में साक्षरता दर देश में सबसे कम है। केवल 61. 8 प्रतिशत। सबसे उपर केरल है। जहां शत प्रतिशत लोग साक्षर हैं। मगर वहां के हर चुनाव में जाकर बीजेपी के नेता उसे यूपी और बिहार जैसा बनाने का वादा करते हैं। नतीजा यह होता है कि श्रीधरन जैसा अन्तरराष्ट्रीय ख्याति का टेक्नोक्रेट जो मेट्रोमेन के नाम से मशहूर है वह भी बीजेपी के टिकट से चुनाव हार जाता है।

घोषणापत्र जिसका नाम तेजस्वी प्रण है वह भी अच्छा है। और उसमें बिहार की सामने दिखाई दे रही सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी को एड्रेस किया गया है। हर घर में एक सरकारी नौकरी। बहुत बड़ा वादा है। ऐसा ही दूसरा बड़ा वादा जीविका दीदियों को स्थाई करना। सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना और सीधे तीस हजार रुपए महीना देना। जीवीका दीदी की संख्या बिहार में करीब 9 लाख है।

यह नौकरी का वादा बिहार में बहुत बड़ा है। और तेजस्वी की इस क्षेत्र में भारी विशवसनीयता है। उप मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पांच लाख सरकारी शिक्षक नियुक्त करने का कीर्तिमान रचा है। और वैकेन्सी निकलाने से लेकर परीक्षा रिजल्ट नियुक्ति कहीं भी एक भी गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली।

नहीं तो बीजेपी के अधिकांश राज्यों में पेपर लीक, परीक्षा कैसिंल होना, रीजल्ट आ जाए तो नियुक्ति नहीं होना अब आम समस्या बन गई है। बिहार बेरोजगारी में भी देश में अव्वल है। प्रति व्यक्ति आय भी सबसे कम है और सबसे ज्यादा पलायन भी यहीं से होता है। इसलिए तेजस्वी का नौकरी का हर घर में एक सरकारी नौकरी का वादा यहां सबसे ज्यादा क्लिक कर रहा है।

बि हा र वा श त वि क समस्याओं वाला प्रदेश है। और चाहे माले हो या महागठबंधन सबने इन वाशतविक मुद्दों को ही अपने घोषणा पत्र में एड्रेस किया है। एक दूसरे के विचारों के साथ समन्वय करते हुए। अतिरेक की बात किसी ने नहीं की। यही महागठबंधन की ताकत है।

दूसरी तरफ अभी एनडीए के घोषणा पत्र का ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री फेस का भी इंतजार है। बीजेपी नीतीश को घोषित करने को तैयार नहीं। इस बार वह अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। मगर खुद की पार्टी में घोषणा करने के बदले वह पर्ची पर ज्यादा यकीन करती है। जिसमें राजस्थान के भजनलाल शर्मा, मध्यप्रदेश के मोहन यादव, दिल्ली की रेखा गुप्ता जैसे नाम निकलते हैं। जिनका अपना कोई आधार नहीं होता बस मोदी के नाम के सहारे ही चलते हैं।

मगर इस बार जो समस्या बीजेपी के सामने सबसे बड़ी आ गई है वह यह कि खुद मोदी का नाम अब कमजोर पड़ गया है। पहले 2024 लोकसभा में वे बहुमत भी हासिल नहीं कर पाए। और फिर पहलगाम के आतंकवादी हमले और पाकिश्तान के साथ संघर्ष में अचानक सीज फायर ने उनकी छवि बहुत कमजोर बना दी। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप लगभग उनका मजाक उड़ाने लगे। रोज कहते हैं कि मेरे कहने से मोदी ने सीजफायर किया। रुस से तेल न खरीदने का वादा किया।

60 से ज्यादा बार ट्रंप इस तरह के दावे कर चुके हैं। और एक बार भी मोदी इसका खंडन नहीं कर पाए। भारत अभी भी हथकड़ी बेड़ी पहनकर युवा वापस आ रहे हैं। मगर मोदी इतना भी नहीं कह पा रहे कि इस तरह भरतीयों का अपमान मत करो।

ऐसे में केवल मोदी के नाम पर चुनाव लड़ना बीजेपी को बिहार में कितना फायदा कितना नुकसान पहुंचाएगा कहना मुश्किल है। नीतीश का फिर भी एक बड़ा जनाधार है। जिसमें व्यापक रूप से महिलाएं जो जीवीका दीदी और शराबबंदी के कारण उनसे जुड़ी हैं। और इसके अलावा अति पिछड़ा वर्ग। जो समुदाय के तौर पर बिहार में सबसे बड़ा है। 36 प्रतिशत।

तो यह महिला वर्ग और अति पिछड़ा अगर नीतीश को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार नहीं मानते हैं तो छिटक जाएगा। बीजेपी के लिए बहुत बड़ा सेटबैक होगा। क्योंकि उनके पास केवल मुख्यमंत्री का नाम ही एक बड़ा आकर्षण है। घोषणा पत्र को उनके कोई गंभीरता से नहीं लेता। सब जानते हैं कि जो मोदी और अमितशाह बोलते हैं हिन्दू मुसलमान घुसपैठिए, भैंस खोल ले जाएंगे, मंगल सूत्र छीन लेंगे वही उनका असली घोषणा पत्र होता है।

घोषणा पत्र में वे अभी जिस तरह विज्ञापन दे रहे हैं विकसित बिहार का ही वादा करेंगे। 20 साल से वहां नीतीश और भाजपा की राज्य सरकार है। और साढ़े 11 साल से केन्द्र में मोदी की सरकार।

मगर विकास अब करेंगे। यह बात जनता को समझ में आ गई है। चुनाव इसी मुद्दे पर होगा कि किस के वादों की विश्वसनीयता है। और किसके वादे केवल जुमले हैं।

# विश्व शहर दिवस पर विशेष : शहर जहां सौन्दर्य, संभावनाएं एवं संवेदनाएं बिछी हो

**ललित गर्ग**

विश्व शहर दिवस हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शहरीकरण में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की रुचि बढ़ाना, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने में देशों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना और सतत विश्व नगर योजना को अधिक मानवीय, अपराधमुक्त एवं पर्यावरण संपोषक बनाना है।

यह दिवस पहली बार 2014 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य शहरीकरण के रुझानों, चुनौतियों और सतत शहरी विकास के दृष्टिकोण के बारे में अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाना, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और समतामूलक, समृद्ध, टिकाऊ और समावेशी शहरों के निर्माण के वैश्विक प्रयासों में योगदान देना है जो अपने समुदायों को बेहतर रहने का वातावरण और जीवन की गुणवत्ता प्रदान करते हैं।

इस वर्ष विश्व शहर दिवस का वैश्विक आयोजन कोलंबिया के बोगोटा में 'जन-केंद्रित स्मार्ट सिटीज़' थीम पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर यह प्रदर्शित किया जाएगा कि डेटा-आधारित निर्णय लेने, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग शहरी जीवन को बेहतर बनाने और वर्तमान झटकों व संकटों से उबरने के लिए कैसे किया जा सकता है। इस अवसर पर जन-केंद्रित स्मार्ट सिटी पहलों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। निश्चित ही शहर उस उम्मीद का माध्यम बने, जहां सौन्दर्य एवं संवेदनाएं अनेक रूपों में बिछी हो, जहां कुछ नया और कुछ पुराना, पर सब मनमोहक हो।


इस वर्ष का विषय इस बढ़ती मान्यता को दर्शाता है कि डिजिटल तकनीकों की परिवर्तनकारी शक्ति वैश्विक श्तर पर शहरी जीवन को नया रूप दे रही है और शहरों और मानव बश्तियों के डिज़ाइन, नियोजन, प्रबंधन और संचालन के तरीकों को बेहतर बनाने के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रही है। अभिनव विकास, जनोन्मुखी स्मार्ट शहर का निर्माण केनद्रित थीम शहरी और डिजिटल दोनों तरह के बदलावों से चिह्नित इस युग में, शहर निवासियों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने और महत्वपूर्ण शहरी चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए डिजिटल तकनीकी समाधानों और डेटा को तेज़ी से अपनाने पर बल देती हैं।

"सशक्त समुदाय, समृद्ध शहर" को बल देते हुए यह दिवस समुदायों को जागरूक, सहयोगी और आत्मनिर्भर करने की पहल है ताकि शहर वाश्तव में विकसित, संस्कृतिमय और समृद्ध बन सके। आज जब पूरी दुनिया तीव्र गति से शहरीकरण की ओर बढ़ रही है, तब यह दिवस आत्ममंथन का अवसर बन गया है कि क्या हमारे शहर केवल कंक्रीट की इमारतों और चकाचौंध का विश्तार बन रहे हैं या उनमें मानवीय संवेदनाओं, संस्कृति, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समरसता का पोषण भी हो रहा है।

भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत, विकसित भारत को विकसित करते हुए शहरीकरण का एक नया मॉडल प्रश्तुत हुआ है, जिसने शहरों के विकास को केवल भौतिक संरचनाओं तक सीमित न रखकर जीवन मूल्यों और नागरिक सहभागिता से जोड़ा है।

अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वस्थ भारत मिशन, स्मार्ट शहर योजना और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने शहरों के ढांचे में नई चेतना का संचार किया है। इन योजनाओं ने यह साबित किया है कि जब सरकार की नीतियों में जनता की भागीदारी और पारदर्शिता जुड़ती है तो विकास केवल आंकड़ों में नहीं, व्यवहार में भी दिखने लगता है।

शहरीकरण का अर्थ केवल ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़के और चमकदार बाजार नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत सामाजिक प्रक्रिया है



जिसमें जीवन श्तर, विचार और व्यवहार की गुणवत्ता निहित होती है।

शहरों ने मनुष्य को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा दी है, लेकिन इसी के साथ प्रदूषण, भीड़, तनाव, अपराध, असमानता और मानवीय रिश्तों की दूरी भी दी है। हर बड़ा शहर आज सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए स्वच्छ पानी और जीने के लिए शांति तरस रहा है। विकास के नाम पर प्रकृति का ह्रास हो रहा है और भौतिक प्रगति के साथ मानसिक थकान बढ़ रही है।

भारत के प्राचीन नगर जैसे काशी, उज्जैन, पुष्कर, मथुरा और अयोध्या केवल व्यापारिक या राजनीतिक केंद्र नहीं थे, वे संस्कृति, अध्यात्म और सह-अशितत्व की जीवंत प्रयोगशालाएं थे। वहां नगर का अर्थ केवल रहने की जगह नहीं, जीने की कला था। आज के नगर यदि इन मूल्यों को फिर से अपनाएं तो वे केवल आधुनिक ही नहीं, मानवीय भी बन सकते हैं।

पश्चिम के देशों में शहरीकरण तकनीकी दक्षता और सुविधाओं की दृष्टि से आगे है, पर वहां मानवीय ऊष्मा और आत्मीयता का अभाव है। भारत यदि अपने शहरीकरण में मानवता, पर्यावरण और संस्कृति का संगम बनाए रखे तो वह पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श प्रश्तुत कर सकता है।

शहर तब सचमुच जीवंत बनेंगे जब उनमें रहने वाले लोग पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, सामाजिक रूप से जागरूक और मानवीय दृष्टि से समर्पित होंगे। प्रदूषण को रोकना, हरियाली बढ़ाना, स्वच्छता को जीवनचर्या बनाना, झुग्गी बश्तियों को सम्मानजनक आवास देना, जनसहभागिता और नागरिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना ही वाशतविक शहरीकरण का मार्ग है।

भारत के शहर आज तेजी से बदल रहे हैं। मेट्रो, ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कों और चमकदार मॉलों ने इनका नया चेहरा गढ़ दिया है। यह परिवर्तन विकास की चमक दिखाता है, पर इसके भीतर एक गहरी पीड़ा भी छिपी है, कहीं न कहीं शहरों की आत्मा, उनकी पहचान, उनकी गर्माहट खोती जा रही है। जो गलियां कभी अपनत्व और रिश्तों की खुशबू से महकती थीं, वे अब भागदौड़, भीड़ और उदासीनता का प्रतीक बन गई हैं।

स्वतंत्रता के बाद भारत ने आधुनिकता की दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ाए, पर इस भौतिक विकास की दौड़ में मानवीय संवेदनाएं और सामाजिक संबंध पीछे छूट गए। शहरों का विश्तार अब मनुष्य की जरूरतों के बजाय बाज़ार की मांगों के अनुसार हो रहा है।

नई कॉलोनियाँ और ऊँची इमारतें पुराने मोहल्लों की जगह ले रही हैं, पर उनके भीतर वह आत्मीयता एवं संवेदनशीलता नहीं जो कभी लोगों के दिलों को जोड़ती थी। शहर अब केवल रहने की जगह नहीं रहे, वे उपभोक्तावाद और प्रतिस्पर्धा के केंद्र बन गए हैं। आधुनिकता ने सुविधा तो दी है, पर उसने संस्कृति, इतिहास और परंपरा के रंग फीके कर दिए हैं। स्मृतियों के जिन चौकों पर कभी संवाद और संवेदना का संसार बसता था, वहाँ अब केवल मशीनों की आवाज़ें और जल्दबाज़ी का शोर है।

नई पीढ़ी के लिए शहर अब केवल रोजगार, ग्लैमर और अवसर का माध्यम हैं। उसमें अपने शहर की आत्मा को समझने का भाव कम होता जा रहा है। यह सवाल अब और गहराता जा रहा है कि क्या विकास का अर्थ केवल ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कें और मॉल हैं, या फिर उसमें मानवीय रिश्तों की ऊष्मा, संस्कृति और इतिहास का जीवंत अहसास भी शामिल होना चाहिए? आज के शहर चमकते तो हैं, पर भीतर से कहीं खाली हैं। उनमें सुविधाएँ हैं पर सुकून नहीं, रफ्तार है पर रूह की स्थिरता नहीं। यह समय हमें सोचने पर विवश करता है कि क्या हम ऐसे शहर बना रहे हैं जहाँ मनुष्य के लिए जगह बची रहे, जहाँ इतिहास और संवेदना साथ-साथ सांस ले सकें। असली विकास वही होगा जहाँ शहरों का विश्तार हो, पर इंसानियत की जड़ें भी उतनी ही गहरी बनी रहें।

विश्व शहर दिवस का संदेश यही है कि शहर केवल दीवारों और सड़कों का जाल नहीं, बल्कि जीवन की एक संस्कृति हैं। जब शहर में रहने वाला नागरिक अपने भीतर संवेदनशीलता, सादगी और सामाजिक उत्तरदायित्व को जाग्रत रखता है, तभी वह शहर वाश्तव में सुंदर बनता है। शहर की सुंदरता उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि वहां रहने वाले मनुष्यों के विचारों, व्यवहारों और संवेदनाओं में बसती है। जब समुदाय सशक्त होंगे, तब ही शहर समृद्ध होंगे, और जब शहर समृद्ध होंगे, तब ही मानवता सचमुच प्रगतिशील होगी।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI-**UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारी ने बहाने से होटल ले जाकर नाबालिक छात्रा से किया दुष्कर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली, एजेंसी।** कास्मेटिक का अच्छा सामान दिलाने और प्रेम का झूठा दिखावा करके व्यापारी ने होटल ले जाकर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म किया। होटल में नाबालिग छात्रा लाने के विवाद के चलते मामला थाने पहुंचा तो पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कास्मेटिक व्यापारी शाहजहांपुर का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक के मुताबिक शाहजहांपुर निगोही थाना क्षेत्र का रहने वाले फैय्याज कॉस्मेटिक सामान का व्यापारी है। उसकी दुकान में एक अन्य समुदाय की छात्रा का आना जाना था। इसी दौरान फैय्याज ने छात्रा से जान पहचान बढ़ाई और प्रेम जाल में फंसा लिया। बातचीत के दौरान उसने छात्रा को सस्ता कास्मेटिक सामान बरेली से दिलाने का झांसा दिया और उसे एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। होटलकर्मियों ने मामला संदिग्ध देख ऐतराज किया तो फैय्याज उनसे भिड़ गया। इस पर मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक के अनुसार आरोपी फैय्याज ने नाबालिग छात्रा का फर्जी आधार कार्ड बनाकर होटल में रूम लिया था। छात्रा बीएससी की पढ़ाई कर रही है। छात्रा के पिता की तहरीर पर फैय्याज के खिलाफ बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पास से दो फर्जी आधार कार्ड और उसकी कार बरामद की गई है। मामले में विधिक कार्रवाई के बाद छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### हाईकोर्ट ने संपूर्णानंद विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति करने का आदेश दिया

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में डॉ। रानी द्विवेदी को असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कुलाधिपति के विज्ञापन संख्या 2/2016 के तहत भर्ती प्रक्रिया को रोकने का आदेश रद्द कर दिया। असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों के लिए भर्ती- यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया एवं न्यायमूर्ति विवेक सरन की खंडपीठ ने दिया है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों के लिए भर्ती निकाली थी। डॉ। रानी द्विवेदी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए आवेदन किया और 25 नवंबर 2017 को साक्षात्कार में शामिल हुईं। चयन प्रक्रिया आगे बढ़ायी गयी थी- परिणाम घोषित होने से पहले कुलाधिपति के कार्यालय से 27 अक्तूबर 2017 को एक पत्र आया, जिसमें यूजीसी रेगुलेशन 2010 के संशोधन को शामिल करने के बाद ही चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। इस पर कुलपति ने तीन नवंबर 2017 को भर्ती प्रक्रिया रोक दी और बाद में नए विज्ञापन जारी किए। कुलाधिपति का आदेश मनमाना है- डॉ। रानी द्विवेदी ने इसके खिलाफ याचिका दाखिल कर कहा कि कुलाधिपति का आदेश मनमाना है। यूजीसी रेगुलेशन के संशोधनों को केवल भविष्य में प्रभावी किया जा सकता है और पहले से प्रकाशित विज्ञापनों को सुरक्षा प्रदान करता है। कोर्ट ने कहा कि डॉ। रानी द्विवेदी साक्षात्कार में सफल रहीं थी ।बाद में जारी निर्देश इस भर्ती पर लागू नहीं होंगे। कोर्ट ने कुलपति को आदेश दिया कि सभी प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद 30 दिन के भीतर डॉ। रानी द्विवेदी को असिस्टेंट प्रोफेसर (भाषा विज्ञान) के पद पर नियुक्ति प्रदान करें।

### दबिश देने पहुंची पुलिस को देख नदी में कूदा युवक; मौत के बाद जाम लगाकर किया हंगामा,

**शाहजहांपुर, एजेंसी।** जिले के चौक कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को पुलिस की छापेमारी के दौरान युवक नदी में कूद गया। जिसके बाद युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जाम लगाकर हंगामा किया। परिजनों ने युवक को बुलाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक का मोबाइल, पैसा भी गायब है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीओ सिटी पंकज पंत का कहना है कि बुधवार को कोविद तिवारी (35) की नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जो विधिक कार्रवाई होगी, जो भी आरोपित होंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जाम को खुलवा लिया गया है। मौके पर शांति है, वैधानिक करवाई की जाएगी। घटना चौक कोतवाली क्षेत्र के हयातपुर इलाके की है। बड़े भाई शोभित तिवारी का आरोप है कि कोविद तिवारी (35) घर पर खाना खा रहा था, तभी किसी का फोन आया था। उसने बताया कि जानने वाले का फोन आया है वह कुछ रुपये मांग रहे हैं। घर से पैसे देने की बात कहकर वह निकला था। हयातपुर के पास नदी के किनारे वहां पर जुआ हो रहा था, वहां और भी लोग मौजूद थे। इस दौरान पुलिस दबिश देने वहां पहुंच गई। उनका आरोप है कि इस दौरान वह नदी में डूब गया। जिसके बाद भाई की लाश मिली। भाई का आरोप है कि यह साजिशन हत्या का मामला है।

# सीएम योगी बोले- भाजपा सरकार के साढ़े आठ साल में 86 रुपये बढ़ा गन्ने का समर्थन मूल्य

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गन्ने के समर्थन मूल्य में बीते साढ़े आठ साल में 86 रुपये की वृद्धि हुई है। पहले मुनाफा बिचौलिया कमाता था पर अब ऐसा नहीं है।

गन्ने का समर्थन मूल्य प्रति कुंतल 30 रुपये बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान सम्पन्नता की राह चला है। किसान के हित की भी योजना बनी, ये मोदी के बाद संभव हो सका है। सायल हेल्थ कार्ड की कोई व्यवस्था हमारे पास नहीं थी। पहली बार मोदी के आने का बाद सॉयल हेल्थ कार्ड, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और प्रधानमंत्री सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं को लागू किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज किसान देश की किसी भी मंडी में जाए कोई टैक्स नहीं है। 6000 रुपए किसान सम्मान निधि रोजमर्रा के काम के लिए किसान को साहूकारों जाल से निकालने के लिए दी जा रही है। प्रदेश के गन्ना किसानों की मांग पर हमने गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाने का फैसला लिया है।



अब किसानों को एमएसपी का लाभ मिल रहा है। पिछले साढ़े आठ साल से गन्ना किसानों की खरीद पर 86 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की गई है। 2017 से पहले गन्ना की खेती घाटे का सौदा बन गई थी। किसानों को अपमानित कर कोई राज्य या देश समृद्ध नहीं बन सकता। भाजपा सरकार के आते ही 86 लाख किसानों को कर्ज से मुक्त किया गया। 23 लाख किसानों को सिंचाई योजना दी गई। सिंचाई योजनाएं 30 से 50 वर्ष से लंबित थीं। सरकार बनते ही योजनाओं को पूरा किया गया। सोलह लाख निजी नलकूप का बिल माफ किया गया। प्रदेश के अंदर किसान अनाज पैदा करता था लेकिन लागत और मेहनत की कीमत नहीं थी। 2017 से पहले क्रय केंद्र नहीं थे और मुनाफा बिचौलिया कमाता था। हमने किसान से सीधी खरीद की।

2017 से पहले चीनी मिल बदहाल थीं। यूपी ऐसे ही बीमारू नहीं हुआ तब गन्ना उत्पादन में यूपी नंबर तीन पर आ गया था। किसान हताश था। यूपी को बीमारू बनाने में सत्ताधारी दलों की बीमार मानसिकता थी। सभी परिवार के विकास में लगे थे। 42 चीनी मिलों का विस्तार हुआ। चार नई मिल लगी। एथेनॉल, डिस्टलरी के रूप में पूरा शुगर कॉम्प्लेक्स लगाया गया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज कोई नहीं कह सकता कि चीनी मिल बंद होंगी। आज प्रदेश में 122 चीनी मिलें चल रही हैं। गन्ने का दायरा 20 लाख से बढ़कर 30 लाख हेक्टेअर हो गया है तब भी मिलों के लिए गन्ना कम पड़ रहा। सभी को उन्नत बीज मिलेगा। नया निवेश आ रहा है।

उन्होंने कहा कि हर जनपद में किसानों का सम्मान होना चाहिए। जितना गन्ना मूल्य का भुगतान 2007 से 2017 तक हुआ उससे बहुत ज्यादा भुगतान भाजपा सरकार के साढ़े आठ साल में किया गया। दो तीन ग्रुप हैं जो भुगतान नहीं कर रहे। उनसे जल्द भुगतान कराएंगे। अकेले चीनी मिलें दस लाख से ज्यादा लोगों को नौकरियां दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में ढ़ाई करोड़ से ज्यादा किसान गन्ने से जुड़े हुए हैं।

## भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता का जीवंत प्रतीक होगा लखनऊ का 'नौसेना शौर्य संग्रहालय', सीएम योगी ने की चर्चा

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ का 'नौसेना शौर्य संग्रहालय 'भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता और सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक होगा। यह संग्रहालय भारत की समुद्री आत्मा और सभ्यता की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' की प्रस्तुति का अवलोकन करते हुए इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य शौर्यगाथाओं और हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है और भारतीय नौसेना उस गौरवशाली परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। लखनऊ का यह संग्रहालय उसी परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

बैठक में बताया गया कि संग्रहालय का स्वरूप एक जहाज के अमूर्त रूप में होगा। जहाज की रेलिंग, पोर्थोल जैसी खिड़कियां, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दी जाने की योजना है। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट-एंड-साउंड एरिना शामिल होंगे। डिजाइन को ऊर्जा-संवेदनशील रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और हरित निर्माण तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालय को केवल देखने योग्य नहीं बल्कि %अनुभव का केंद्र% बनाया जाए, जहां दर्शक इतिहास को महसूस कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्प्ले में डिजिटल, इंटरएक्टिव और इमर्सिव तकनीकों का प्रयोग हो ताकि लोग नौसेना के अभियान, युद्ध और तकनीकी प्रगति को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि नौसेना संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

## यूपी में सड़क हादसे : बदायूं और प्रयागराज में 3 की मौत, मिर्जापुर में 9 महिला कबड्डी खिलाड़ी घायल

**बदायूं/मिर्जापुर/प्रयागराज, एजेंसी।** जिले के बरेली-आगरा राजमार्ग पर कछला स्थित पेट्रोल पंप के निकट मंगलवार की रात 12।30 बजे के आस-पास, रोडवेज बस खड़े ट्रक से टकरा गई। इसमें आईटीबीपी के जवान सहित 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 15 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। बता दें कि आगरा डिपो की बस यात्रियों को लेकर हल्द्वानी उत्तराखंड जा रही थी। वहीं, मिर्जापुर में सिलेंडर से लदे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इसमें 9 महिला कबड्डी खिलाड़ी घायल हो गईं। प्रयागराज में कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इस वजह से एक की मौत हो गई।

**1। बदायूं एक्सीडेंट:** बदायूं के थाना उझानी क्षेत्र के पास ये हादसा हुआ। जिसमें आइटीबीपी के जवान धर्मेंद्र कुमार (46) पुत्र गुलाब सिंह निवासी गोरधना जनपद मैनपुरी व हाकिम सिंह (45) पुत्र बाबूलाल की मौत हो गई।

जबकि बस में सवार कंडक्टर रामौतार (55) पुत्र रामेश्वर आगरा, गोपाल शर्मा (67) पुत्र सुरेन्द्र शर्मा अलीगढ़, अंजू (18) पुत्री गोपाल शर्मा अलीगढ़, तनवी (18) पुत्र अब्दुल बरेली, अफरीद (19), एकनाव (55) पुत्र ब्रजराज बरेली, दीपाली (21) पत्नी दत्ता रे सोलापुर महाराष्ट्र, सूरज (21) पुत्र सहदेव, कमला देवी (45) पत्नी रामचन्द्र घायल हो गईं।

उझानी के क्षेत्राधिकारी डॉ। देवेन्द्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना में 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

**2। मिर्जापुर में हादसा:** जनपद में देहात कोतवाली के जसोवर पहाड़ी के पास मंगलवार देर शाम सिलेंडर से भरी ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो में कुल 14 लोग सवार थे, जिसमें से 9 महिला कबड्डी खिलाड़ी घायल हो गईं। सभी घायल खिलाड़ियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चार की हालत गम्भीर होने पर बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

देहात कोतवाली प्रभारी अमित मिश्रा ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल सभी महिला खिलाड़ियों को जिला मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। एडिशनल एएसपी नितेश कुमार के मुताबिक यह सभी महिला खिलाड़ी अपने कोच के साथ कानपुर से मिर्जापुर के बीएचयू साउथ कैंपस जा रहे थे।

## बिहार चुनाव में बनारस की मुस्लिम महिलाओं की एंट्री, घर-घर जाकर बताएंगी योगी सरकार की खूबियां

**वाराणसी, एजेंसी।** बिहार चुनाव की सरगर्मी तेजी से बढ़ रही है। एनडीए गठबंधन हो आरजेडी हो या फिर जनसुराज, हर राजनीतिक दल वोटरों को साधने की कोशिश में लगा है। बिहार चुनाव का असर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस में भी नजर आ रहा है। यहां की मुस्लिम महिलाएं बिहार जाकर बीजेपी के लिए वोट मांगेंगी। भाजपा से जुड़ी मुस्लिम महिलाएं टीम बनाकर पश्चिम बिहार के अलग-अलग हिस्सों के लिए रवाना होंगी। ये महिलाएं सरकार की नीतियां, सुविधाएं बताकर मुस्लिम समाज को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करेंगी।

बनारस के बजरडीहा इलाके की ये मुस्लिम महिलाएं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़ी हुई हैं। 25 क्क25 की संख्या में 4 से 5 ग्रुप बने हैं, जो पश्चिम बिहार के अलग-अलग हिस्सों में जाकर मुस्लिम समुदाय और महिलाओं को उत्तर प्रदेश में सरकार की नीतियों से अवगत कराएगा। लोगों को बताएगा कि यूपी में किस तरह से शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा को



मजबूत बनाया जा रहा है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की इन मुस्लिम महिलाओं का कहना है कि, यूपी में बीजेपी की सरकार में महिलाओं को जितनी सुविधा मिली है, उतनी आज तक किसी सरकार में नहीं मिली। राशन योजना, आयुष्मान कॉर्ड, आवास देने जैसी सुविधाओं के साथ तीन तलाक जैसे मुद्दे पर योगी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं का ख्याल रखा है। कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ लेने वाला सबसे बड़ा वर्ग मुस्लिम समुदाय है। पहले मुस्लिम महिलाएं बीमार होकर घरों में कैद हो जाती थीं। उनकी मौत हो जाती थी, लेकिन आज उन्हें 5 लाख तक का फ्री में इलाज मिल रहा है। तीन तलाक सबसे बड़ी कुरीति थी। सरकार के फैसले से हमारा सम्मान बचा है।

मुस्लिम महिलाओं का कहना है कि, पश्चिम बिहार में घूम-घूम कर लोगों को यूपी सरकार की योजनाओं के बारे में बताएंगे। उनसे अपील करेंगे कि वह बिहार में एनडीए की सरकार को लाएं, जिससे विकास हो सके।

## उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे बन रहे अर्थव्यवस्था की रीढ़, बढ़ेगा रोजगार : सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यूपीडा की उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि एक्सप्रेसवे सिर्फ सड़कें नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक तरक्की की मजबूत नींव हैं। उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे का काम दिसंबर तक पूरा करने का सख्त लक्ष्य दिया और अधिकारियों को गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

गुणवत्ता में कोई कमी न आए- सीएम ने जोर दिया कि हर परियोजना की साप्ताहिक समीक्षा हो और गुणवत्ता में कोई कमी न आए। इससे राज्य के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों के बीच आसान जुड़ाव बनेगा। बैठक में कई नए एक्सप्रेसवे पर गहराई से चर्चा हुई। इनमें मेरठ-हरिद्वार लिंक, नोएडा-जेवर लिंक, चित्रकूट-रीवा लिंक और विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे शामिल हैं।



**विंध्य एक्सप्रेसवे की योजना बनायी गयी:** प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र तक फैले विंध्य एक्सप्रेसवे की योजना भी बनी। सीएम ने कहा कि इनकी डिजाइन में एनएचएआई के हाइवे और एक्सप्रेसवे का ध्यान रखें, ताकि दोहराव न हो और राज्य में एकजुट सड़क नेटवर्क बने। इससे यातायात सुगम होगा और उद्योगों को फायदा मिलेगा।डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर बड़ा फोकस रहा।

**युवाओं को तकनीकी ट्रेनिंग मिलेगी:** सीएम ने लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट जैसे सभी नोड्स पर स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाने के आदेश दिए। इन केंद्रों से स्थानीय युवाओं को तकनीकी ट्रेनिंग मिलेगी और वे रक्षा उद्योग से जुड़ेंगे। इससे नौकरियां बढ़ेंगी और क्षेत्र आत्मनिर्भर बनेगा।

**निगरानी की पारदर्शी व्यवस्था:** बैठक में बताया गया कि कॉरिडोर के लिए 30,819 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। 5,039 एकड़ जमीन ली जा चुकी है और कई कंपनियां काम शुरू कर चुकी हैं। भूमि आवंटन पर सीएम सख्त दिखे। उन्होंने कहा कि अगर तीन साल में निवेशक जमीन का सही इस्तेमाल न करे, तो आवंटन रद्द कर दें। निगरानी की पारदर्शी व्यवस्था बनाएं और सुविधाएं सिर्फ असली प्रगति पर दें।

**एक्सप्रेसवे से रोजगार और विकास बढ़ेगा:** एक्सप्रेसवे किनारे बन रहे औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक पार्कों में निवेश लाने के लिए यूपीडा ने बिजली, पानी, ट्रक टर्मिनल और इमरजेंसी स्वास्थ्य सुविधाओं की समयबद्ध योजना तैयार की है।

सीएम के इन निर्देशों से उत्तर प्रदेश तेजी से औद्योगिक हब बन रहा है। एक्सप्रेसवे न सिर्फ यात्रा आसान करेंगे, बल्कि रोजगार और विकास की नई राह खोलेंगे। राज्य सरकार की यह मुहिम आत्मनिर्भर भारत में यूपी को मजबूत भूमिका देगी।

## सेंट्रल मार्केट विवाद : कार्रवाई के बाद अब राहत की तैयारी, दुकानदारों को 'बाजार स्ट्रीट' मान्यता देने पर मंथन

**मेरठ, एजेंसी।** सेंट्रल मार्केट में अवैध कॉम्प्लेक्स ध्वस्तीकरण के बाद अब प्रशासन आवासीय क्षेत्रों में चल रही दुकानों को राहत देने पर विचार कर रहा है। कमिश्नर ने आवास विकास परिषद को ऐसा समाधान तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जिससे नीति का पालन भी हो और व्यापारियों को नुकसान भी न हो।

सेंट्रल मार्केट में अवैध कॉम्प्लेक्स की 22 दुकानों के जमींदोज होने के बाद आवासीय क्षेत्र के दुकानदारों को नियमित करने के लिए मंथन शुरू हो गया है। आवास विकास परिषद और कैंट विधायक ने ऐसे दुकानदारों को बाजार स्ट्रीट के रूप में मान्यता दिलाने को लेकर कमिश्नर के साथ बैठक की।

कमिश्नर ने आवास विकास परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि तीन दिन में ऐसी रिपोर्ट तैयार करें, जिससे शासन की नीति का अनुपालन भी हो और व्यापारियों को भी नुकसान से बचाया जा सके।

अवैध कॉम्प्लेक्स गिराने के बाद सांसद अरुण गोविल, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, महापौर हरिकांत अहलूवालिया समेत भाजपा के कई जनप्रतिनिधि दो दिन पहले कमिश्नर हृषिकेश भास्कर यशोद से मिले थे।

भाजपाइयों ने शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट ही नहीं बल्कि शहर के अन्य व्यापारियों के संस्थानों को ध्यान में रखकर राहत प्लान का प्रस्ताव उनके समक्ष रखा था। इस पर कमिश्नर ने आवास विकास के अधिकारियों को निर्देश दिए।

बुधवार को कैंट विधायक अमित अग्रवाल आवास विकास परिषद कार्यालय पहुंचकर अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार के साथ बैठक की।

# यूपी में नाइट टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा, टूरिस्ट से गुलजार होगा ताजमहल के पास का ये पार्क

आगरा, एजेंसी। ताज महोत्सव की तरह हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) ने यमुना किनारे मेहताब बाग के पास स्थित 11 सीढ़ी पार्क गुलजार करने का प्रस्ताव तैयार किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम ताजमहल के पास में आयोजित किए जाएंगे। जिससे आगरा में नाइट टूरिज्म बढ़ेगा।

आगरा आने वाले पर्यटकों को रात में एक नये टूरिस्ट स्पॉट से ताजमहल निहारने और कल्चरल इवेंट में शामिल होने का अवसर मिलेगा। आगरा मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह के आदेश पर एडीए ने पूर्व में कंपनी को दिए गए टेंडर का निरस्त करके अब नये टेंडर की तैयारी कर ली है। जिससे टूरिस्ट सीजन में ग्यारह सीढ़ी पार्क में कल्चरल नाइट इवेंट शुरू हो जाएं।

नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया प्रस्ताव - आगरा मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एडीए ने ताजमहल





के पास में यमुना किनारे स्थित 11 सीढ़ी पार्क पर नाइट टूरिज्म बढ़ावा देने के लिए एक प्रस्ताव बनाया है। जिससे 11 सीढ़ी पार्क में ताजमहल के पास में शाम को मनोहारी गीत-संगीत और नृत्यु की प्रस्तुति हो, जहां पर पर्यटक पहुंचें। आगरा से अच्छी यादें लेकर जाएं।

फर्म को किया गया था नामित - एडीए के प्रस्ताव के मुताबिक, एक कंपनी को टेंडर भी कर दिया था लेकिन, कंपनी ने समय पर कल्चरल इवेंट शुरू नहीं किया। एडीए उपाध्यक्ष एम अरुन्मोली ने बताया कि ताजमहल के पास में स्थित 11 सीढ़ी पार्क शाम को गुलजार करने को लेकर लंबे समय से कवायद चल रही है, जिससे आगरा आने वाले पर्यटकों के लिए सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इसको लेकर एक फर्म को नामित किया गया था।

कंपनी को दिया गया नोटिस - उन्होंने बताया कि इस बारे में फर्म से बार-बार कहा गया कि समय पर इवेंट शुरू कर दें। लेकिन, फर्म ने ईवनिंग कल्चरल इवेंट को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखाई। इस पर कंपनी को एक बार फिर नोटिस दिया गया है। कंपनी यदि नोटिस का जवाब नहीं देती है तो करार निरस्त करके अब नए सिरे से ईवनिंग कल्चरल इवेंट के लिए प्रस्ताव बनाया गया है।

बोर्ड मीटिंग में प्रोजेक्ट को रखा जाएगा - उन्होंने बताया कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। अगली बोर्ड मीटिंग में प्रोजेक्ट को प्रमुखता से रखा जाएगा, जिससे 11 सीढ़ी पार्क में कल्चरल इवेंट इस टूरिस्ट सीजन में शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि यमुना किनारे 11 सीढ़ी पार्क में कल्चरल ईवनिंग के कार्यक्रम और मेहताब बाग को लेकर पहले ही एडीए ने वहां पर पार्किंग बना ली है। जिससे यहां पर आने वाले पर्यटकों को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने बताया कि 11 सीढ़ी पार्क में विभागों के नियम व मानकों को लागू करके ईवनिंग में कल्चरल और अन्य इवेंट आयोजित किए जाएंगे।

यह थी तैयारी - बता दें कि हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आगरा आते हैं, लेकिन, अधिकतर पर्यटक ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी समेत अन्य स्मारक देखकर जयपुर, ग्वालियर या दिल्ली चले जाते हैं। पर्यटक नाइट स्टे नहीं करते हैं। आगरा के पर्यटन कारोबारी और सरकार इसको लेकर बेहद चिंतित हैं। सरकार का पूरा जोर आगरा में नाइट टूरिज्म बढ़ाने पर है। आगरा आने वाले पर्यटक नाइट में स्टे करेंगे तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसी मंशा से आगरा में एडीए लगातार नए रोमांचक प्रोजेक्ट लेकर आया, जिसमें हॉट एयर बैलून, एयर डायनिंग के साथ ही 11 सीढ़ी पार्क में टेंट सिटी बसाने का प्रोजेक्ट शामिल रहा। मगर, ये सभी प्रोजेक्ट जोर शोर से शुरू हुए, लेकिन बाद में ठंडे बस्ते में चले गए।

टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

# रोहित के साथ सूर्यकुमार यादव भी हुए शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 क्रिकेट में आज के समय में सबसे ज्यादा पॉपुलर फॉर्मेट में से एक है. टी20 क्रिकेट में चौके-छक्के की बारिश देखने को मिलती है, इसके साथ ही खिलाड़ी के आउट होने के चांस भी ज्यादा बन जाते हैं, जिससे ये खेल पलक झपकते ही कभी भी पलट सकता है. टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजों के बल्ले से छक्के लगने का भी रिकॉर्ड बनता है. भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच में 150 छक्के पूरे किए हैं. वहीं रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल में वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर हैं.

टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की टॉप 5 लिस्ट में दो भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव का नाम शामिल है. इस लिस्ट में संयुक्त अरब अमीरात के कप्तान मोहम्मद वसीम का नाम भी है. इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज भी टॉप 5 लिस्ट में हैं.



सूर्यकुमार यादव

### रोहित शर्मा

भारत की टी20 टीम के पूर्व कप्तान और बल्लेबाज रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं. रोहित ने 159 मैचों में खेली 151 पारियों में 4,231 रन बनाए हैं, जिनमें हिटमैन के बल्ले से 205 छक्के लगे हैं. रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बतौर कप्तान टीम को जीत दिलाने के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था.

### मोहम्मद वसीम

यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है. वसीम टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 91 मैचों में 187 छक्के लगा चुके हैं. वसीम अभी भी इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं. मोहम्मद वसीम आने वाले समय में रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं.

### मार्टिन गुप्टिल

न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल भी टी20 क्रिकेट में शानदार छक्के लगाने के लिए जाने जाते हैं. गुप्टिल ने 122 मैचों की 118 पारियों में 173 छक्के जड़े हैं. न्यूजीलैंड का ये खिलाड़ी जनवरी 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुका है.

### सूर्यकुमार यादव

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में जगह बना ली है. सूर्यकुमार इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर आ गए हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले सूर्या के 148 छक्के थे, वे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी निकोलस पूरन से एक छक्के से पीछे चल रहे थे. वहीं सूर्यकुमार यादव ने पहले टी20 मैच में 39 रनों की नाबाद पारी में 2 छक्के जड़कर टी20 इंटरनेशनल में 150 छक्के पूरे किए.

### जोस बटलर

इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है. बटलर टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में चौथे नंबर पर हैं. बटलर के नाम 144 मैचों की 132 पारियों में 172 छक्के लगाने का रिकॉर्ड है.

महिला विश्व कप:

# इंग्लैंड को 125 रन से हराकर पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका

**गुवाहाटी, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है. गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 125 रन के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई.

दक्षिण अफ्रीका पहली बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है. दक्षिण अफ्रीका से मिले 320 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही. टीम ने अपने शुरुआती 2 विकेट 0 पर और तीसरा विकेट 3 के स्कोर पर गंवा दिया. इसके बाद चौथे विकेट के लिए कप्तान नट सेवियर ब्रंट और एलिस कैप्सी के बीच 105 रन की साझेदारी हुई. इस साझेदारी ने इंग्लैंड की वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन एलिस कैप्सी के 50 के स्कोर पर आउट होने के बाद टीम एक बार फिर बिखर गई. कप्तान नट



सेवियर ब्रंट 64 और डेनी व्याट 34 रन बनाकर आउट हुईं. दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी लिंसे स्मिथ 27 रन बनाकर आउट हुईं. इंग्लैंड 42.3 ओवर में 194 रन पर सिमट गई और 125 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई. दक्षिण अफ्रीका के लिए मारिजेन कैप ने 7 ओवर में 20 रन देकर 5 विकेट लिए. अयाबोंगा खाका, एन मल्बा, और सुन लूस ने 1-1 और नादिन डे क्लार्क ने 2 विकेट लिए. टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट की बेहतरीन और यादगार शतकीय पारी के दम पर 7 विकेट पर 319 रन बनाए थे. लौरा वोल्वार्ट ने वन मैन आर्मी की तरह बल्लेबाजी करते हुए 143 गेंद पर 20 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 169 रनों की बड़ी पारी खेली. सेमीफाइनल में खेली गई लौरा वोल्वार्ट की इस पारी को लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

वोल्वार्ट जब आउट होकर जा रही थीं, तो इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने भी उनकी मैराथन पारी के लिए उन्हें शाबाशी दी थी. इसके अलावा, दक्षिण अफ्रीका के लिए तजमिन ब्रिट्स ने 45, मारिजेन कैप ने 42, और क्लो ट्रायोन ने 33 रन बनाए. इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टन ने 10 ओवर में 44 रन देकर 4, लॉरेन बेल ने 10 ओवर में 55 रन देकर 2 विकेट, और नट सेवियर ब्रंट ने 8 ओवर में 67 रन देकर 1 विकेट लिए.

लीग्स कप:

# पैलेस ने लिवरपूल को हराया, क्वार्टर फाइनल में आर्सेनल समेत ये टीमें



**लंदन, एजेंसी।** क्रिस्टल पैलेस ने लीग्स कप में लिवरपूल को 3-0 से शिकस्त दी. इस हार ने रेड्स को काराबाओ कप से बाहर कर दिया है. यह इस सीजन में लिवरपूल की 7 मैचों में छठी हार थी. साल 1953 के बाद पहली बार ऐसा हुआ, जब रेड्स को लगातार 5 घरेलू मुकाबलों में शिकस्त झेलनी पड़ी. इस टीम को एकमात्र हालिया जीत यूईएफए चैंपियंस लीग में आइंट्राक्ट फ्रैंकफर्ट के खिलाफ मिली थी. 27 सितंबर के बाद से, यूरोप की 5 बड़ी लीगों में लिवरपूल से ज्यादा मैच किसी भी टीम ने नहीं गंवाए हैं. ऐसा 80 दिनों में तीसरी बार है, जब लिवरपूल को क्रिस्टल पैलेस ने मात दी. इससे पहले, अगस्त में एफए कम्युनिटी शील्ड में पेनाल्टी शूटआउट में शिकस्त और सेलहर्स्ट पार्क में 2-1 से प्रीमियर लीग में हार के बाद यह सिलसिला शुरू हुआ था. यह हेड कोच आर्ने स्लॉट के मार्गदर्शन में लिवरपूल की सबसे बड़ी हार थी. अब उनकी कोशिश शनिवार को एस्टन विला के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए इस हार के सिलसिले को खत्म करने की होगी. एक अन्य मुकाबले में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल ने लगातार 8वीं जीत दर्ज की. इसी के साथ टीम ईएफएल कप में अपने सूखे को खत्म करने के करीब पहुंच गई है. क्वार्टर-फाइनल में आर्सेनल का सामना क्रिस्टल पैलेस से होगा. इस बीच, ईएफएल चैंपियनशिप में मैनचेस्टर सिटी ने स्वानसी के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है. मैनचेस्टर सिटी नौवीं लीग कप ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है. सिर्फ लिवरपूल ही इकलौती ऐसी टीम है, जिसने 8 से ज्यादा ट्रॉफियां जीती हैं. 15 दिसंबर से शुरू होने वाले काराबाओ कप के क्वार्टर फाइनल में उनका सामना ब्रेंटफोर्ड से होगा. यह मैच एतिहाद स्टेडियम में खेला जाएगा. चेल्सी ने काराबाओ कप क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. दिसंबर में होने वाले क्वार्टर फाइनल में उसका सामना कार्डिफ सिटी से होगा.

# CSK को मिल गया धोनी का रिप्लेसमेंट!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के हर सीजन में एक ही सवाल सबसे ज्यादा गूंजता है, क्या इस बार धोनी खेलेंगे?चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हर बार अपने फैंस को चौंकाते हुए पीली जर्सी में मैदान पर खेलने उतर जाते हैं. अब आने वाले सीजन में उनकी उम्र और फिटनेस को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि IPL 2026 धोनी का आखिरी सीजन हो सकता है. ऐसे में सीएसके के सामने सबसे बड़ा सवाल है, आखिर 'थाला' के बाद टीम की कमान कौन संभालेगा? अब लगता है कि चेन्नई को इसका जवाब मिल गया है और वो हैं उर्विल पटेल. इस युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ने हाल ही में अपने एक वायरल वीडियो से फैंस का दिल जीत लिया है, जिसमें वे धोनी की तरह ही स्टंप्स के पीछे बिजली की तेजी दिखाते नजर आ रहे हैं.

# रोहित शर्मा का बड़ा रिकॉर्ड खतरे में

● **बाबर आजम 9 रन बनाते ही बन जाएंगे दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज**





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम को विश्व चैंपियन बनाने के बाद रिटायरमेंट ले चुके हैं. वह वर्तमान में सिर्फ वनडे क्रिकेट ही खेलते हैं. इस साल टेस्ट से भी उन्होंने संन्यास ले लिया था. अब रोहित शर्मा का एक बड़ा रिकॉर्ड खतरे में पड़ गया है. इस रिकॉर्ड को खतरा है बाबर आजम से जो अब दुनिया के नंबर 1 टी20 बल्लेबाज बनने की दहलीज पर हैं.

हालांकि, रोहित अब टी20 इंटरनेशनल खेलते नहीं हैं मगर बाबर आजम को दोबारा पाकिस्तान की टी20 टीम में वापसी हुई है. अगर टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो अभी पूर्व टी20 इंटरनेशनल के खिलाड़ी रोहित शर्मा नंबर 1 पर काबिज हैं. वहीं पाकिस्तानी खिलाड़ी बाबर आजम इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं और उनके व रोहित के रनों में बस 8 रन का ही अंतर है. यानी वह रोहित शर्मा का यह बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने के बहुत करीब आ चुके हैं. इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर विराट कोहली हैं और वह भी टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहे चुके हैं.

बाबर आजम की बात करें तो उन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद टी20 इंटरनेशनल की टीम से बाहर कर दिया गया था. उसके बाद एशिया कप 2025 में भी वह पाकिस्तान के टी20 स्क्वाड का हिस्सा नहीं थे. अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में उनकी वापसी हुई. मगर वह इस पारी में बुरी तरह फ्लॉप रहे और अपना खाता भी नहीं खोल पाए. अब सीरीज का दूसरा मुकाबला जो शुक्रवार 31 अक्टूबर को खेला जाएगा उसमें वह रोहित शर्मा का यह बड़ा रिकॉर्ड 9 रन बनाकर तोड़ सकते हैं.

● **टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज**

रोहित शर्मा- 4231 रन ( 159 मैच )
बाबर आजम- 4223 रन ( 129 मैच )
विराट कोहली- 4188 रन ( 125 मैच )
जोस बटलर- 3869 रन ( 144 मैच )
पॉल स्टर्लिंग- 3710 रन ( 153 मैच )
मार्टन गप्टिल- 3531 रन ( 122 मैच )
मोहम्मद रिजवान- 3414 रन ( 106 मैच )



# अनाहत सिंह कनाडियन स्क्वैश ओपन के सेमीफाइनल में हारीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अनाहत सिंह को कनाडियन स्क्वैश ओपन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। टोरंटो में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड की नंबर-1 खिलाड़ी जीना केनेडी ने उन्हें सीधे गेमों में 11-5, 11-8, 12-10 से हराया। यह मैच केवल 30 मिनट तक चला। टूर्नामेंट की इनामी राशि 96,250 अमेरिकी डॉलर (लगभग 80 लाख रुपये) है। इंग्लैंड की नंबर-1 खिलाड़ी जीना केनेडी ने अनाहत सिंह को सेमीफाइनल में सीधे गेमों में 11-5, 11-8, 12-10 से हराया।
इंग्लैंड की नंबर-1 खिलाड़ी जीना केनेडी ने अनाहत सिंह को सेमीफाइनल में सीधे गेमों में 11-5, 11-8, 12-10 से हराया।

### वर्ल्ड नंबर-7 को हरा कर सेमीफाइनल में पहुंची थी

दिल्ली की 17 साल की अनाहत सिंह नेशनल चैंपियन हैं। उनकी वर्ल्ड रैंकिंग 43 है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 7 खिलाड़ी और बेल्जियम की दूसरी वरीयता प्राप्त टिने गिलिस को सीधे गेमों में 12-10, 11-9, 11-9 से हराया। यह मैच सिर्फ 36 मिनट में खत्म हो गया।

# 2026 फीफा विश्व कप को लेकर आश्वस्त नहीं लियोनेल मेसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूरी दुनिया के फुटबॉल फैंस चाहते हैं कि अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी फीफा विश्व कप 2026 खेलें। लेकिन मेसी खुद विश्व कप में खेलने को लेकर स्पष्ट नहीं हैं। लियोनेल मेसी का मानना है कि फीफा विश्व कप में उनका खेलना इस बात पर निर्भर है कि अगले साल इंटर मियामी की प्री-सीजन में उनकी तैयारियां कैसी रहती हैं। विश्व कप की टीम में होना हमेशा एक शानदार अनुभव होता है। इस बार यह विशेष है, क्योंकि हमें खिताब का बचाव करना है। मैं विश्व कप को लेकर उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि ईश्वर मुझे एक बार फिर मौका देगा। 37 साल के मेसी प्रोफेशनल फुटबॉल के लिए अमेरिका में एमएलएस में चले गए हैं। एमएलएस में फुटबॉल का स्तर यूरोप की टक्कर का नहीं है। इसका असर निश्चित रूप से खिलाड़ी पर भी पड़ना तय है। मेसी पूरी तरह फिट हैं और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बावजूद विश्व कप में खेलने का आखिरी निर्णय वे अपनी फिटनेस और तैयारियों के मुताबिक लेंगे।

मेसी ने अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को 2022 में विश्व विजेता बनाया था। अर्जेंटीना फ्रांस को हराकर चैंपियन बनी थी। कतर में खेले गए पिछले विश्व कप में मेसी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। हर नॉकआउट मैच में उनका प्रदर्शन असाधारण रहा था। फाइनल में दबाव वाली स्थिति से निकालकर उन्होंने अपनी टीम को चैंपियन बनाया था। मेसी को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का गोल्डन बॉल पुरस्कार दिया गया था। अर्जेंटीना निश्चित रूप से चाहेगी कि उसका यह महानतम खिलाड़ी आखिरी बार अपने देश के लिए विश्व कप की जर्सी पहने। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 195 मैचों में 114 गोल किए हैं। सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रोनाल्डो के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

# कार्लसन ने जीता क्लच शतरंज चैंपियंस शोडाउन

**सेंट लुइस, एजेंसी।** नॉर्वे के स्टार चेस खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने क्लच शतरंज चैंपियंस शोडाउन अपने नाम किया है। वहीं, मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोमाराजू चौथे स्थान पर रहे। मैग्नस कार्लसन ने गुकेश को 2 बार शिकस्त देने के बाद ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को भी 2 बार मात दी। उन्होंने प्रतियोगिता जीतने के साथ 1,20,000 अमेरिकी डॉलर का प्रथम पुरस्कार भी अपने नाम किया है। मैग्नस कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा के खिलाफ 2 ड्रॉ खेले। अंत में अतिरिक्त 50,000 डॉलर का बोनस भी हासिल किया। इस तरह मैग्नस कार्लसन ने 3 दिनों में कुल 1,70,000 अमेरिकी डॉलर जीते। फैबियानो कारूआना 16.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वह मैग्नस कार्लसन से 9 अंक पीछे थे। वहीं, हिकारू नाकामुरा 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। उनके इस प्रदर्शन ने भारतीय फैंस को जरूर मायूस किया है। तीसरे और अंतिम दिन, कार्लसन ने अपने पहले चार गेम जीते और प्रत्येक जीत पर 3 अंक अर्जित किए।





# पेरिस मास्टर्स : जैनिक सिनर की शानदार जीत, बर्ग्स को 6-4, 6-2 से हराया

**पेरिस, एजेंसी।** इटली के स्टार जैनिक सिनर ने बुधवार को जिजो बर्ग्स के खिलाफ 6-4, 6-2 से शानदार जीत के साथ पेरिस मास्टर्स खिताब की अपनी दावेदारी पेश की है। यह मुकाबला 88 मिनट तक चला। अब सिनर तीसरे दौर के मुकाबले में अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से भिड़ेंगे, जिन्होंने अपने पिछले मुकाबले में मिओमिर केकमानोविच को 7-5, 1-6, 7-6 (4) से शिकस्त दी थी। वियना में एटीपी 500 का खिताब जीतने के ठीक चार दिन बाद जैनिक सिनर ने अपने बेल्जियम के प्रतिद्वंदी को एटीपी के पहले मुकाबले में शिकस्त देकर इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपने टूर-स्तरीय जीत के सिलसिले को 22 मैचों तक बढ़ाया। इस मुकाबले में जैनिक सिनर ने आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन किया।

# सिर में गेंद लगने से ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर की मौत, खेल जगत में छाया मातम

**मेलबर्न, एजेंसी।** कभी-कभी एक गेंद खेल को नहीं, जिंदगी को बदल देती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न से आई एक ऐसी ही खबर ने पूरे क्रिकेट जगत को गहरे सदमे में डाल दिया है। महज 17 साल का युवा खिलाड़ी बेन ऑस्टिन, जो अपने सपनों की उड़ान भरने ही वाला था, अब इस दुनिया में नहीं रहा। नेट सेशन के दौरान सिर और गर्दन पर गेंद लगने से उसकी जान चली गई।



### प्रैक्टिस के दौरान हुआ हादसा

घटना मंगलवार दोपहर की है, जब बेन मेलबर्न के फर्नट्री गली स्थित वैली ट्यू रिज़र्व मैदान पर अभ्यास कर रहा था। नेट में एक स्वचालित बॉलिंग मशीन से गेंदबाजी हो रही थी। उसी दौरान एक गेंद सीधे उसके सिर और गर्दन के बीच जाकर लगी। बेन हेलमेट पहने हुए था, लेकिन चोट इतनी गंभीर थी कि साथियों ने उसे तुरंत मोनाश मेडिकल सेंटर पहुंचाया। डॉक्टरों ने पूरा प्रयास किया, मगर बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### क्रिकेट क्लब ने जताया शोक

फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने गुरुवार सुबह एक भावनात्मक पोस्ट जारी कर बेन के निधन की पुष्टि की। क्लब ने लिखा- हम अपने प्यारे साथी बेन ऑस्टिन के निधन से गहराई से दुखी हैं। वह न केवल एक उत्कृष्ट खिलाड़ी थे बल्कि मैदान के भीतर और बाहर दोनों जगह एक प्रेरक व्यक्तित्व थे। उनकी मुस्कान और नेतृत्व को हम हमेशा याद रखेंगे।÷ क्लब ने बेन के परिवार - जेस, ट्रेसी, कूपर और जैक - के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह क्षति पूरे क्रिकेट समुदाय को हिला गई है।